53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 24.9°c
अधिकतम 24.1 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:57, सूर्यास्त - 6:40 | वर्ष : 53/अंक : 242 | मंगलवार, 02 सितम्बर 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, दशमी | सम्वत् 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

सच्चा मित्र वह है, जो भीड़ में खोने न दे और लक्ष्य वह है, जो रात को सोने न दे।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी अपने बयानों से अपने वजूद को क्यों हल्का बना रहे हैं? : रविशंकर प्रसाद



छोड़कर जा रहे हैं नेता भी.... अपने दल को भी कर लिया हल्का....

# बारिश बनी आफत, कई गरीबों के मकान की छत धराशायी, हजारों का सामान दबकर नष्ट



**चरथावल, 01 सितम्बर (बु.)।** थाना-क्षेत्र में कई दिनों से हो रही वर्षा के कारण कई ग्रामीणों के मकानों की छत अचानक गिर गयी। परिवार के सदस्यों ने भागकर जान बचायी। मलबे में दबकर एक महिला घायल हो गयी, जबकि पीड़ितों का हजारों रुपए का सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। सूचना पर भाकियू नेता विकास शर्मा ने मौके पर पहुंचकर अधिकारियों से बातचीत करते हुए पीड़ितों को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। चरथावल क्षेत्र के ग्राम रोनी हरजीपुर में बिल्ला पुत्र तेजबीर, ग्राम कुल्हेड़ी में आदिल व ग्राम बिरालसी में सोनू कुमार के मकान की छत लगातार हो रही बरसात के कारण अचानक भरभरा कर गिर गयी। परिवार के सदस्यों ने भागकर अपनी जान बचायी। मलबे में दबकर सोनू की पत्नी घायल हो गयी। छत के मलबे में दबने से मकानों में रखा हजारों रुपये का सामान नष्ट हो गया। सूचना पर भाकियू नेता विकास शर्मा ने मौके पर पहुंचकर अधिकारियों से बातचीत करते हुए पीड़ितों को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। इस मौके पर किसान नेताओं ने कहा कि लगातार हो रही बरसात ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गयी है। इस बरसात ने अनेक ग्रामीणों की सिर से आशियाना छीन गया है। उनके द्वारा इसकी सूचना अधिकारियों को देकर पीड़ित ग्रामीणों को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।

## बारिश के चलते मकान धराशायी, किसान नेता ने प्रशासन से की मांग



**चरथावल, 01 सितम्बर (बु.)।** ग्राम घिस्सूखेड़ा में सुबह से लगातार हो रही बारिश के चलते एक गरीब व्यक्ति के मकान की छत धराशायी हो गई। सूचना पर भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान मौके पर पहुँचे और प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना देते हुए पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाए जाने एवं मकान बनवाने की मांग की। चरथावल विकासखण्ड के ग्राम घिस्सूखेड़ा में मदन प्रजापति के मकान की छत सुबह से हो रही तेज बारिश की वजह से भरभराकर गिर गई, जिससे पीड़ित का सारा सामान मलबे में दब गया, लेकिन वो जान बचाकर दंपति बच्चों सहित सकुशल निकल गए। सूचना पर भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान मौके पर पहुँचे और प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना देते हुए पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाए जाने एवं मकान बनवाने की मांग की।

## एक परिवार पर टूटा मुसीबतों का पहाड़

**6 माह पहले पिता की मृत्यु एक दिन पूर्व इकलौते पुत्र की भी मृत्यु**





**चरथावल, 01 सितम्बर (बु.)।** गांव मंगनपुर में लगातार हो रही बरसात ने सोमवार को एक ग्रामीण का आशियाना ही धराशायी कर दिया। दुर्भाग्य देखिए इस परिवार का आज आशियाना ढहा, एक दिन पूर्व इकलौते पुत्र की मौत हुई, जबकि 6 माह पहले परिवार के मुखिया रामकुमार पुत्र महिपाल की हार्ट अटैक से मौत हो गयी थी। भाकियू नेता विकास शर्मा ने बताया कि एक ग्रामीण पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस परिवार की मुसीबत कम होने का नाम नही ले रही है। बरसात के कारण सोमवार को अचानक रामकुमार का आशियाना ढह गया, जबकि एक दिन पूर्व उसके इकलौते पुत्र प्रदीप कुमार की भी बुखार के चलते मेरठ हॉस्पिटल में मौत हो गयी थी, जबकि इसके पिता की हार्टअटैक से 6 माह पूर्व मौत हो चुकी है। भारी बरसात के कारण धराशायी हुए मकान के मलबे से बच्चे और महिलाओं ने भागकर जान बचाई। आशियाना ढह जाने पर इस परिवार को दूसरों के घर में बैठकर शरण लेनी पड़ी है। भाकियू नेता विकास शर्मा द्वारा जिला अधिकारी से पीड़ित परिवार के लिए मकान की सहायता की अपील की गई है।

## भारी बारिश का दौर जारी, जिलाधिकारी ने किए 12वीं तक के छुट्टी के आदेश जारी

**भारी बारिश के चलते डीएम ने उठाया कदम, आदेश हुए जारी**



**मुजफ्फरनगर, 01 सितम्बर (बु.)।** बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के साथ पश्चिमी विक्षोभ के एक बार फिर सक्रिय होने से ऐसी मौसमी गतिविधियां बनी हैं, जिसने उत्तर भारत में हर ओर तबाही मचा दी है। ऐसे में मौसम विभाग के जारी अलर्ट के बीच उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के कई जिलों में भारी से अतिभारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए कई जिलों में प्रशासन द्वारा स्कूल बंद करने का निर्देश दिया है। सोमवार को इन्हीं हालातों के बीच मंगलवार 2 सितम्बर का अवकाश घोषित करते हुए प्राथमिक विद्यालयों के साथ माध्यमिक विद्यालयों और सीबीएससी बोर्ड के स्कूलों में 12वीं तक की छुट्टी कर दी गई है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में रविवार रात से हो रही बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भारी बारिश के चलते सोमवार को यूपी के कई जिलों समेत मुजफ्फरनगर के स्कूल बंद रहे। मूसलाधार बारिश को देखते हुए सोमवार सायं डीएम उमेश मिश्रा ने 12वीं तक के सभी स्कूल कॉलेजों को बंद रखने का आदेश जारी कर दिया है। इससे पूर्व सोमवार को कक्षा 1 से 8वीं तक के स्कूल को बंद रखने का आदेश दिया गया था। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश श्रीवास एवं बीएसए संदीप कुमार ने अपने जारी आदेशों में जनपद के कक्षा एक से कक्षा 12वीं तक के सभी स्कूल-कॉलेजों को बंद किए जाने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आदेशों का इस बीच उल्लंघन किया गया तो संबंधित विद्यालय के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बता दें, मौसम विभाग के मुताबिक, आंध्र प्रदेश के तटीय हिस्से से चलने वाला चक्रवाती परिसंचरण तेलंगाना, विदर्भ और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों को पार कर आगे बढ़ रहा है। इसी के चलते अगले 72 घंटों में उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड के ज्यादातर हिस्सों में बारिश होने की संभावनाएं बढ़ गई है।

## रजिस्टर्ड डाक का 171 साल का सफर हुआ खत्म, आज से स्पीड पोस्ट की मिलेगी सेवा




**नई दिल्ली, 01 सितंबर (एजेंसी)।** आगामी पीढ़ी के लिए रजिस्टर्ड डाक का इतिहास किताब के पन्नों में मिलेगा। वर्तमान पीढ़ी रजिस्टर्ड डाक सेवा का लाभ लेने वाली अंतिम पीढ़ी होगी। 171 वर्ष पहले देश में दो आने से शुरू हुआ रजिस्टर्ड डाक का सफर 1 सितंबर 2025 को थम जाएगा। रजिस्टर्ड डाक का सोमवार से स्पीड पोस्ट सेवा में विलय हो जाएगा। अब ग्राहकों को सिर्फ स्पीड पोस्ट सेवा मिलेगी। 39 साल पहले शुरू हुई स्पीड पोस्ट सेवा, फिर ईमेल, व्हाट्सअप से संदेश समेत तमाम ऑनलाइन सुविधाओं ने रजिस्टर्ड डाक की उपयोगिता कम कर दी, इसके चलते विभाग ने यह बदलाव किया है। भारत में रजिस्टर्ड डाक सेवा वर्ष 1854 से शुरू हुई थी। उत्तर प्रदेश में करीब 17,000 और देशभर के डाकघरों की संख्या लगभग 1.56 लाख है। करीब 130 साल देश में रजिस्टर्ड डाक की उपयोगिता रही। गांवों में अपने घरों से दूर दराज रहने वाले लोगों के पास रजिस्टर्ड डाक ही स्वजन तक संदेश भेजने का एक मात्र जरिया रहता था। गांवों में डाक पहुंचने पर तमाम ग्रामीण एकत्र हो जाते थे। सब लोग डाक से अपनों के आए संदेश को एक साथ बैठकर पढा करते थे। देश में 1986 में स्पीड पोस्ट सेवा शुरू हुई। जो काफी उपयोगी साबित हुई। इसमें 72 घंटे के अंदर देश के किसी भी कोने में डाक पहुंचा दी जाती है, जबकि रजिस्टर्ड डाक की समय सीमा 8 से 10 दिन या इससे अधिक भी हो सकती है। इसके बाद ईमेल, फैक्स व मैसेज आदि की ऑनलाइन सुविधा शुरू हुई। इन सुविधाओं से रजिस्टर्ड डाक की उपयोगिता को बेहद कम कर दिया है। इसी के चलते विभाग ने रजिस्टर्ड डाक सेवा को स्पीड पोस्ट में विलय कर दिया है।

## अफगानिस्तान में आधी रात को टूटा कुदरत का कहर, 6.3 तीव्रता का भूकंप, 800 मौतें

**2500 से ज्यादा घायल, सोते हुए लोगों को बचने का मौका नहीं मिला**



**जलालाबाद, 01 सितंबर (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में रविवार की आधी रात को 11:47 बजे (स्थानीय समयानुसार) 6.3 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें अब तक 800 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2500 से ज्यादा लोग घायल हैं। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या और भी बढ़ सकती है। ये भूकंप इतना खतरनाक था कि कई घर मलबे में तब्दील हो गए। इस समय ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे, जिन्हें भागने का मौका तक नहीं मिला। अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप जलालाबाद शहर से लगभग 17 मील दूर आया। जलालाबाद की आबादी करीब दो लाख है। रातभर शहर में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। अल जजीरा के मुताबिक भूकंप का असर पड़ोसी देश के एक बड़े इलाके में भी महसूस किया गया, जिसमें पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांत भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा मौतें पड़ोसी कुनार प्रांत में हुई हैं। सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने भी सोशल मीडिया पर लिखा कि भूकंप से देश के कुछ पूर्वी प्रांतों में गंभीर जान-माल का नुकसान हुआ है। हालांकि, उन्होंने ज्यादा डिटेल शेयर नहीं किया है। यह पहाड़ी इलाका है। इन इलाकों तक पहुंचना बेहद मुश्किल है, जिससे बचाव और राहत कार्यों में दिक्कत आ रही है। यहां, भूकंप के बाद लैंडस्लाइड हुई, जिससे कई सड़कें बंद हो गई। इन इलाकों में सरकार लोगों को बाहर निकालने के लिए हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल कर रही है। आपको बता दें कि इससे पहले अफगानिस्तान में 7 अक्टूबर 2023 को विनाशकारी भूकंप आया था। तालिबान सरकार ने इस भूकंप में 4 हजार मौतों का दावा किया था, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने 1500 मौतों की पुष्टि की थी। वहीं 2022 में पूर्वी अफगानिस्तान में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें लगभग 1 हजार लोग मारे गए थे और हजारों लोग घायल हुए थे। अफगानिस्तान में ताकतवर भूकंपों का इतिहास रहा है। भूकंप के लिहाज से हिंदूकुश पर्वतमाला एक्टिव माना जाती है, जहां हर साल भूकंप आते हैं। अफगानिस्तान, भारत और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेट्स के बीच में स्थित है। ये फॉल्ट लाइन अफगानिस्तान के हेरात तक जाती है।

## लापता युवक का शव बिजनौर जनपद के तालाब से बरामद

**भोपा, 01 सितम्बर (बु.)।** थानाक्षेत्र ककरौली के गांव तेवड़ा से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता युवक का शव बिजनौर जनपद के एक तालाब से बरामद हुआ। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की, जिसके बाद पुलिस ने शव उन्हें सौंप दिया। रविवार देर शाम गमगीन माहौल में युवक के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। लापता युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। ककरौली थानाक्षेत्र के गांव तेवड़ा निवासी जमील ने बताया कि उसका पुत्र जाहिद, 28 वर्ष बीते गुरुवार को बिना किसी को बताए कहीं चला गया था और तभी से लापता चल रहा था। पीड़ित पिता ने पुत्र के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के बाद कई थाना क्षेत्रों और जनपदों में युवक की तलाश शुरू कराई थी। जमील के अनुसार बीते रविवार को पुलिस का फोन आया और चांदपुर थानाक्षेत्र में एक शव बरामद होने की बात बताते हुई पहचान के लिए आने की बात कही। शव मिलने की सूचना पर युवक के परिजन आनन-फानन में कुछ ग्रामीणों को साथ लेकर चांदपुर थाना क्षेत्र में स्थित घटनास्थल पर पहुंचे और शव की पहचान अपने पुत्र जाहिद के रूप में की। युवक का शव मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया, जिसके बाद बिजनौर पुलिस ने पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को लेकर ककरौली थानाक्षेत्र में स्थित अपने गांव तेवड़ा में लेकर पहुंचे, जहां शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। युवक जाहिद की मौत से पिता जमील, माता शहनाज, पत्नी शाहना खातून, भाई जागम, सलमान, दानिश और तीन शादीशुदा बहनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं दो छोटी-छोटी पुत्रियों के सिर से पिता का साया उठ गया है। मृतक के पिता ने किसी अज्ञात पर अपने पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाया है।

## झमाझम बारिश ने बिगाड़ दिया मिजाज

**जनपद में आधा दर्जन मकानों के गिरने से मची तबाही ▸▸ 94.4 एमएम बारिश ने कई क्षेत्रों को किया जलमग्न ▸▸ ग्राहकों के इंतजार में दुकानों पर बैठे रहे व्यापारी, पसरा सन्नाटा**






सोमवार को बारिश के चलते हुई परेशानियों से गुजरते लोग।

**मुजफ्फरनगर, 01 सितम्बर (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर समेत वेस्ट यूपी और उत्तराखंड राज्य में मौसम विभाग के जारी अलर्ट के बीच मुजफ्फरनगर में सोमवार को हुई झमाझम बारिश ने पूरी तरह से जनजीवन ठप कर दिया। इस बीच जहां नगरीय क्षेत्र की निचली बस्तियों में बारिश ने बुरा हाल कर दिया, वहीं शहर में पॉश कॉलोनियों से लेकर गांव-देहात और कस्बों में पानी ही पानी नजर आया। इसके चलते कई इलाकों में घरों में पानी घुस गया, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कई कच्चे मकान भरभराकर गिर गए। इन मकानों में जीवन गुजार रहे गरीब परिवारों को रात में बारिश के बीच खुले आसमान के नीचे गुजारनी पड़ी। मानसून के अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ते कदमों के बीच समूचे उत्तर भारत में बारिश तबाही का सबब बनकर इस बार सामने आई है। ऐसे में जहां एक ओर पहाड़ों पर तबाही मची है, वहीं मैदानी क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश से वेस्ट यूपी भी अछूता नहीं है। सोमवार को इन्हीं हालातों के बीच जनपद मुजफ्फरनगर में झमाझम बारिश ने नगर मुख्यालय से लेकर गांव-देहात तक जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। सुबह से लगातार हुई बारिश ने न केवल सड़कों को नदी बना दिया, वहीं कई क्षेत्रों में जलभराव के साथ ही मकानों को भी धराशायी कर दिया। आसमाने में काली घटाओं के कारण दिन में भी अंधेरा छाया रहा, वहीं निचली बस्तियों से पॉश कॉलोनियों तक जलभराव की बड़ी समस्या गंभीर दिखाई दी। इस बीच गरीब परिवारों के लिए यह बारिश किसी त्रासदी से कम नहीं रही, जिसकी जद में आने से कहीं छतें गिरीं तो कहीं दीवारें ढह जाने के कारण प्रभावित लोगों को खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को विवश होना पड़ा। नगरीय क्षेत्र में झमाझम बारिश होने से शहर की कई कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति बनी रही, जिससे जनजीवन ठप पड़ गया। वहीं मुख्य बाजारों में व्यापारी इस बीच ग्राहकों की इंतजार में बैठे रहे। सोमवार सुबह हुई बारिश के चलते शहर के शिवचौक के साथ आसपास के बाजारों और सड़कों पर जलभराव हो जाने से दुकानदारों के साथ जनसामान्य को भारी दिक्कतों का सामना करने को विवश होना पड़ा। वहीं दूसरी ओर शहर की निचली बस्तियों के साथ अधिकांश मौहल्लों में इस बीच हर गली और सड़कों के साथ मुख्य बाजारों में जलभराव की समस्या दिखाई दी। वहीं नगर क्षेत्र में बने बेसमेंट के साथ गोल मार्किट के साथ एसडी कॉलेज मार्किट की कई दुकानों में बारिश का पानी भरने से व्यापारी अपने सामान को बचाने में लगे रहे। उधर, आफत की बारिश ने शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में तबाही मचाने का काम किया। इस बीच चरथावल क्षेत्र के ग्राम घिस्सूखेड़ा में एक गरीब परिवार के मकान की छत रात में भरभरा कर गिर गई। परिवार ने भागकर जान बचाई, लेकिन हजारों रुपये का सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। इसके अलावा जनपद में अन्य क्षेत्रों में मकान की छतों के गिरने के साथ दीवार ढह जाने की शिकायतें मिली हैं। इसके साथ दिनभर जिले में जारी बारिश के कारण किसानों को पशुओं के चारे और उनके बैठाने के लिए परेशान होना पड़ा।

## बारिश से मकान की दीवार भरभराकर गिरी



**मुजफ्फरनगर, 1 सितम्बर (बु.)।** सोमवार को हुई झमाझम बारिश के चलते शहर कोतवाली क्षेत्र के मिमलाना रोड निवासी शाहिना के मकान की दीवार भरभरा गिर गयी, जिसमें उसके परिवार के लोग मलबे में दबने से बाल-बाल बच गए, इतना ही नहीं मकान में रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। आपको बता दें कि मिमलाना रोड निवासी शाहिना अपने तीन बच्चों व ससुर के साथ मकान में रहती है। शाहिना का पति चंडीगढ़ में मजदूरी के लिए गया हुआ था। सोमवार सुबह लगभग साढे 9 बजे तेज बारिश के चलते मकान की दीवार अचानक भरभराकर गयी। गनीमत यह रही कि जिस समय उक्त हादसा हुआ उस समय महिला अपने परिवार सहित दीवार से दूर थी। जैसे ही मकान की दीवार भरभराकर गिरी आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। शाहिना का बताना है कि दीवार गिरने से उसके एक बच्चे को मामूली चोट आई है, जबकि दीवार के मलबे में बेड, फ्रीज व अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। परिवार के लोगों ने जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

## मदद को बढ़े हजारों हाथ, शोकसभा में पीड़ित परिवार का दिया साथ









**मुजफ्फरनगर, 01 सितंबर (बु.)।** कुछ दिन पूर्व मां वैष्णों देवी पर भूस्खलन के दौरान जीवन गंवाने वाले तीन परिवारों के 6 सदस्यों के लिए जनपद के गणमान्य लोगों ने ढांढस बंधाने के साथ-साथ उनका आर्थिक सहयोग भी किया। आर्थिक मदद के लिए नगर के गणमान्य लोगों से लेकर आम आदमी तक ने अपने हाथ आगे किए और परिवार को सरकार की मदद के अलावा भी लाखों रुपये की आर्थिक मदद की। एक बार फिर परिवार के लोगों की दुर्दशा देखकर लोगों की आंखें नम हो गयी। किसी के पिता घोड़ा-तांगा चलाकर तीन बेटियों को पालने को मजबूर दिखाई दिये तो कहीं किसी की पत्नी और बेटी का वियोग दिखाई दिया तो कहीं किसी का बेटा पैरों से लाचार दिखाई पड़ा। ऐसे में जिससे जो भी मदद हो सकी, उसने मदद के रूप में अपने हाथ खुले दिल से आगे बढ़ाए। इस क्रम में भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने 75 हजार रुपये, दारा सिंह ने सैकड़ों लोगों के सहयोग से 5.51 लाख रुपये एकत्रित कर पीड़ित परिवार को सौंपे। वहीं मेरठ के पूर्व विधायक संगीत सोम ने 1 लाख, मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने 50 हजार, पूर्व मंत्री व सांसद कादिर राना ने 50 हजार व एक टन सरिया मकान बनाने को, वहीं प्रजापति समाज के मोहन ने 50 हजार रुपये, ईंट व रेत इत्यादि, 50 हजार रुपये जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल का सहयोग प्रदान किया। श्रद्धांजलि सभा में भरी बारिश में भी हजारों लोग शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित गणमान्य लोगों ने परिवार को पूरा विश्वास दिलाया और कहा कि सरकारों ने जो उनकी मदद की है वह वास्तव में प्रशंसनीय है और समाज के लोगों ने भी ढांढस बंधाया कि कोई भी बच्चा परिवार का फीस भरने में, ड्रेस खरीदने या अन्य किसी कार्य में असक्षम है तो वे कभी भी अपनी पीड़ा रखकर उसका समाधान करा सकते हैं। आपको बता दें कि दो दिन पहले ही तीन परिवारों के अलग-अलग छह लोगों का अंतिम संस्कार किया गया था। अंतिम संस्कार के तीसरे दिन ही रस्म तेरहवीं की क्रिया सम्पन्न की गयी, जहां हजारों लोगों ने अपनी पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

## दो सगे भाईयों समेत तीन को आजीवन कारावास

**प्रत्येक आरोपी पर 35-35 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी**



**मुजफ्फरनगर, 1 सितम्बर (बु.)।** जानसठ थाना क्षेत्र के गांव राजपुर कलां में रंजिशन घर में घुसकर हत्या व जानलेवा हमले के मामले में विशेष एससीएसटी कोर्ट ने दो सगे भाइयों समेत तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी प्रवेन्द्र कुमार ने बताया कि जानसठ थाना क्षेत्र के गांव राजपुर कलां निवासी रोहित वाल्मीकि ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि 14 फरवरी 2023 की शाम उसका भाई संजू उर्फ संजीव वाल्मीकि, मोहित, भतीजा शौर्य व भतीजी दिया घर में बैठे हुए थे। पुरानी रंजिश के चलते गांव के वीरेन्द्र व राजेन्द्र पुत्रगण अजीत जाट व मोहित पुत्र राजेन्द्र हाथों में तमंचे लेकर घर में घुस आए। आरोपियों ने परिवार के लोगों पर फायरिंग कर दी। गोली लगने उसके भाई संजू उर्फ संजीव की गोली लगने से मौत हो गयी, जबकि अन्य तीनों गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को उपचार केलिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। एडीजीसी ने बताया कि मामले की सुनवाई विशेष एससीएसटी कोर्ट की न्यायाधीश आशा रानी सिंह की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने अभियोजन की तरफ से दस गवाह पेश किए गए। कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रत्येक आरोपी पर 35 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

# गौकशी के आरोपितों के साथ पुलिस की मुठभेड़, एक बदमाश गोली लगने से घायल



सिखेड़ा, 01 सितम्बर (बु.)। रविवार की रात जौली रोड से गांव भंडूरा को जाने वाले रास्ते पर गौकश के साथ मुठभेड़ हुई। एक गौकश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान एक गौकश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने कांबिंग के दौरान उसका दूसरा साथी भी गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि जौली से गांव भंडूरा के रास्ते पर कुछ लोग गौकशी कर रहे हैं। सूचना पाकर पुलिस की टीम वहां पहुंची। पुलिस ने उन्हें घेर लिया, तो वह गांव की ओर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया। अपने आप को पुलिस से घिरा देख उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी उन्हें घेर लिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से एक गौकश घायल हो गया। घायल नौशाद पुत्र गुलजार निवासी जामिया नगर खालापार थाना खालापार जनपद मुजफ्फरनगर है। कांबिंग के दौरान फरार हुए उसके साथी पीरु पुत्र यासीन निवासी गांव सिखरेड़ा थाना सिखेड़ा को भी गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने उनके पास से चोरी की एक बाइक, एक बेसहारा गोवंश गौकशी के उपकरण बरामद किये हैं। पुलिस ने घायल नौशाद को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। उसके साथी पीरु को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

## ब्लैक मनी रखने पर न सजा, न फाइन! सरकार ने इस वजह से बदला कानून

नई दिल्ली, 01 सितंबर (एजेंसी)। सरकार ने ब्लैक मनी कानून में बड़ा बदलाव करते हुए छोटे टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत दी है। अब अगर किसी के पास विदेश में बैंक खाता, शेयर या कोई और चल संपति है जिसकी कुल कीमत 20 लाख रुपये से कम है, और उसकी जानकारी गलती से इनकम टैक्स विभाग को नहीं दी गई, तो न तो उस पर जुर्माना लगेगा और न ही कोर्ट-कचहरी का झंझट होगा। यह नया नियम 1 अक्टूबर 2024 से लागू हो चुका है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस ने ब्लैक मनी एक्ट 2015 से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। 18 अगस्त 2025 को जारी एक आंतरिक निर्देश के तहत तय किया गया है कि अब ऐसे मामूली मामलों में सेक्शन 49/50 के तहत केस नहीं चलाया जाएगा, बशर्ते कि उन पर सेक्शन 42/43 के तहत कोई जुर्माना न लगाया गया हो या लगाया जा सकने की स्थिति में न हो। इनकम टैक्स विभाग का कहना है कि इस फैसले का मकसद उन लोगों को राहत देना है जिनसे अनजाने में कोई चूक हो गई हो, जबकि असली ध्यान अब बड़े पैमाने पर काला धन छिपाने वालों पर रहेगा। सरकार को उम्मीद है कि इससे टैक्स व्यवस्था बेहतर होगी और जांच प्रक्रिया भी ज्यादा असरदार बन सकेगी।





# डीएम और एसएसपी ने किया जर्जर भवनों का निरीक्षण

### – मेरठ घटना के बाद अफसरों ने धरातल पर जाना सच

मुजफ्फरनगर, 01 सितम्बर (बु.)। पड़ोसी जनपद मेरठ में बीते दिवस पुलिस लाइन क्वार्टरों में एक छत गिर जाने और हादसे के बाद झमाझम बारिश के बीच हुई घटना के चलते सुरक्षा कारणों से डीएम-एसएसपी ने जर्जर भवनों का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को जरुरी निर्देश दिए। सोमवार को झमाझम बारिश के बीच कलेक्ट्रेट में जर्जर भवनों का स्थलीय निरीक्षण डीएम उमेश मिश्रा ने किया।

इस बीच सबसे पहले वे कलेक्ट्रेट स्थित मनोरंजन कार्यालय पहुंचे जहां प्रोबेशन विभाग के कर्मचारियों को उन्होंने बाहर बुलाने के साथ इस भवन में कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने के निर्देश दिए, वहीं दूसरी ओर मेरठ पुलिस लाइन में बीते दिनों हुई घटना को लेकर सुरक्षा कारणों के बीच एसएसपी संजय वर्मा ने भी पुलिस लाइन स्थित पुलिस क्वार्टरों का निरीक्षण करते हुए कुछ क्वार्टरों की इस बीच खराब हालत को देखते हुए इन भवनों की मरम्मत कराने के कड़े निर्देश दिए। जिले में दिनभर जारी बारिश के चलते कलेक्ट्रेट में सन्नाटा पसरा रहा। बता दें, ऐसी स्थिति में बीते वर्ष पूर्व डीएम कार्यालय के प्रतीक्षालय की छत गिर गई थी, वहीं मेरठ पुलिस लाइन के पी-ब्लॉक में रविवार देर शाम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी टेलर ओमकार के जर्जर सरकारी क्वार्टर की छत भरभरा कर गिरने से मलबे में 3 बच्चों समेत परिवार के आठ सदस्य दब गए थे, जिन्हें बाद में दमकल विभाग ने रेस्क्यू कर घायल अवस्था में निकाला गया था।

## नगर की बेटी आरती धीमान ने किया विश्वकर्मा समाज का नाम रोशन



मुजफ्फरनगर, 01 सितम्बर (बु.)। सोमवार को नई दिल्ली में भारत सरकार द्वारा आयोजित भव्य समारोह में आरती धीमान को देश का सर्वोच्च स्काउट गाइड सम्मान राष्ट्रपति स्काउट गाइड प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान केन्द्रीय मंत्री मानसुख मंडाविया (युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय तथा श्रम एवं रोजगार मत्रालय) के द्वारा प्रदान किया गया। यह उपलब्धि न केवल आरती धीमान के समर्पण अनुशासन और सेवाभाव का प्रतीक है बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र एवं समाज के लिए गर्व का विषय भी है।

# वासुदेव मित्तल हुए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित



मुजफ्फरनगर, 01 सितम्बर (बु.)। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश की ओर से वासुदेव मित्तल को राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजा गया। वासुदेव मित्तल ने वर्ष 2016 में संपन्न हुई राष्ट्रपति पुरस्कार की परीक्षा उत्तीर्ण की थी किंतु एक कानूनी व्यवधान आने के कारण राष्ट्रपति भवन की ओर से राष्ट्रपति रैली 2016-17 में आयोजित नहीं हो सकी, जो अब 29 अगस्त से 1 सितंबर तक भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में वासुदेव मित्तल की अनुपस्थिति में यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश की ओर से अन्य स्काउट बादल विश्वकर्मा अंबेडकर नगर ने प्राप्त किया। वासुदेव मित्तल ने वर्ष 2016 में प्रदेश के राज्यपाल राम नाईक द्वारा राज्यपाल भवन लखनऊ में उनके हाथों से राज्य पुरस्कार मिल चुका है। वासुदेव मित्तल बचपन से ही पढ़ाई के साथ-साथ अन्य विषयों में रुचि रखते थे इससे पूर्व वह इंटरनेशनल एस्ट्रोनामी एंड एस्ट्रोफिजिक्स प्रतियोगिता में वर्ष 2020 में सिल्वर मेडल तथा वर्ष 2021 में गोल्ड मेडल, स्काउट में मध्य प्रदेश के राज्यपाल तथा उस समय के भारत स्काउट एंड गाइड के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर ठाकुर से गोल्डन एरो अवार्ड वर्ष 2011 में ले चुके हैं तथा भारत स्काउट एंड गाइड अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर साउथ कोरिया, सिंगापुर एवं इंग्लैंड जैसे देशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। एम जी पब्लिक स्कूल से विज्ञान वर्ग में जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के बाद वासुदेव का चयन भारत सरकार द्वारा संचालित इंडियन इंस्टीट्यूट साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च मोहाली में होने पर उन्होंने वर्ष 2024 में बीएस, एमएस की उपाधि प्राप्त करने के बाद वर्तमान समय में ऑस्ट्रेलिया में सिडनी यूनिवर्सिटी में ऑस्ट्रेलिया की एक प्रसिद्ध स्कॉलरशिप पर खगोल शास्त्र में पीएचडी कर रहे हैं। वासुदेव मित्तल इन दिनों सिडनी ऑस्ट्रेलिया में है। उनके पिता सुखदेव मित्तल वरिष्ठ दीवानी अधिवक्ता हैं, जबकि उनकी माता डॉ. अलका मित्तल शिक्षा विभाग मेरठ कॉलेज मेरठ में प्रोफेसर थी। वासुदेव को राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने पर उनके चाचा परीक्षित मित्तल एडवोकेट एवं उनका परिवार बहुत खुश हैं। दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन परिवार भी इस होनहार छात्र को अपनी ओर से बधाई देता है।

# पुलिस ने फरार चल रहे 2 वारंटियों को किया गिरफ्तार



चरथावल, 01 सितम्बर (बु.)। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अलग-अलग मामलों में न्यायालय में पेश न होने पर फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े दोनों वारंटियों को जेल भेज दिया है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में दूधली चौकी प्रभारी मिलन चौधरी ने आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहे वारंटी राजेश पुत्र ब्रह्मा सिंह निवासी ग्राम दूधली को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा उपनिरीक्षक अरुण बंसल ने टीम के साथ मिलकर मारपीट एवं गाली-गलौच के मामले में फरार चल वारंटी असलम पुत्र अकबर निवासी ग्राम निर्धना थाना चरथावल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों वारंटियों को जेल भेज दिया है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। आगे भी यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# विद्युत पोल तोड़ता हुआ लकड़ियों से भरा ट्रक पलटा

### – चालक परिचालक को आई चोटें, आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद



बुढ़ाना, 01 सितम्बर (बु.)। बीती 27 अगस्त के बाद एक बार फिर सोमवार के दिन खेतों में खड़े विद्युत खंभे और विद्युत लाइन अचानक से एक ओवर लोडिंग ट्रक के पलट जाने से डेमेज हो गयी, जिसमें चालक परिचालक को मामूली चोटें आई हैं। इस ट्रक में लकड़ियां भरी हुई थी। यह घटना बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव नगवा वाया गांव इटावा के बीच में दोपहर बाद हुई है। बताया जाता है कि इससे पहले भी बीती 27 अगस्त को भी इसी स्थान पर एक वाहन इसी तरह से पलट गया था, जिसमें कई घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रही थी। अब फिर से हुई इस दूसरी घटना के मद्देनजर मंगलवार के दिन 02 सितम्बर को अटाली सब स्टेशन की 33 केवी लाइन में एक्सीडेंट के कारण डैमेज हुए विद्युत पोल को लगाने और विद्युत लाइन खींचने के चलते सुबह दस बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अटाली सब स्टेशन, मिंडकाली, वैल्ली, चंधेड़ी सब स्टेशन, बुढ़ाना टाऊन, बुढ़ाना देहात, कुरथल सब स्टेशन का शट-डाउन रहेगा, यानि लगातार पूरे दो घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इसलिए आज सुबह 10 बजे से पहले पहले बिजली संबंधी अपने सभी कार्य आप निपटा लें, ताकि आपको किसी भी असुविधा का सामना ना करना पड़े। यह जानकारी विद्युत विभाग के जेई विकास सिंह ने दी है।

## दो बच्चों की मां हुई लापता, पति ने तलाश की लगाई गुहार

भोपा, 01 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दो बच्चों की मां अपने परिजनों को बिना बताए लापता हो गई। पति के अनुसार विवाहिता अपने घर से कुछ जेवर और नगदी व मोबाइल भी लेकर गई है। पति ने थाने पहुंचकर पत्नी को ढूंढने की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि बिहार निवासी एक महिला से लगभग बीस वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी।

महिला से उसे सात वर्षीया पुत्री और छह वर्षीय पुत्र है। पीड़ित ने बताया कि बीते बीस अगस्त को उसकी पत्नी दोनों बच्चों को छोड़कर उसे व उसके वृद्ध माता-पिता को बिना कुछ बताए कहीं चली गई है और घर से जेवरात, नकदी और मोबाइल भी ले गई है। काफी जगह तलाश करने के बाद जब उसे उसकी पत्नी का कहीं पता नहीं चला, तो उसने भोपा थाने पर पहुंचकर पत्नी को तलाश करने की गुहार लगाई है।

# ज्ञानेश्वर सेवा दल ने कराए अयोध्या, काशी विश्वनाथ दर्शन



जानसठ, 01 सितम्बर (बु.)। कस्बे की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था श्री ज्ञानेश्वर सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं को अयोध्या नगरी में नवनिर्मित भव्य श्री राम मंदिर, ज्योतिर्लिंग काशीपति विश्वनाथ एवं चित्रकूट धाम के दर्शन कराए। संस्था के प्रबंधक दीपेश गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि सरयू घाट, श्री रामलला, कनक भवन, हनुमानगढ़ी , काशीपति श्री विश्वनाथ, काशी कोतवाल काल भैरव, नैमिषारण्य के साथ-साथ मां विंध्यवासिनी और चित्रकूट धाम के दर्शन कराए गए। इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष सतीश गुर्जर, सचिव राजू भैया, विमल पोसवाल एडवोकेट, नरेश कुमार, आलोक वर्मा, धर्मवीर प्रजापति, राजेश सैनी, भारत गोयल एडवोकेट, प्रदीप पंवार वंश कुमार का सहयोग रहा।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भतीजे आरिफ पुत्र मेहरबान और तौहीद पुत्र मेहरबान मेरे कहने-सुनने में नहीं है। इसलिए मैंने व मेरे परिवार ने इन दोनों से अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। यदि ये दोनों (आरिफ व तौहीद पुत्रगण मेहरबान, निवासीगण मौहल्ला-झोझगान, कस्बा- पुरकाजी) किसी से कोई लेन-देन या गलत व्यवहार करते हैं तो उसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

मुर्तजा पुत्र मंगता
निवासी- मौहल्ला- झोझगान,
कस्बा-पुरकाजी, जिला- मुजफ्फरनगर
मो. 9927287330

# पीलीभीत एडीएम-एसडीएम के घरों में पानी भरा, बागपत में नलकूप बहा





पीलीभीत, 01 सितंबर (एजेंसी)। मेरठ, गोंडा और संभल समेत यूपी के 10 शहरों में बारिश हो रही है। लखनऊ में रातभर बारिश हुई। पीलीभीत में इतनी बारिश हुई है कि जिला अस्पताल, विकास भवन और थाने में पानी भर गया है। एडीएम, एसडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट के घरों समेत पूरे ऑफिसर्स कॉलोनी में पानी घुस गया है। बारिश की वजह से 5 शहरों में 8वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। इनमें बरेली, मेरठ, हाथरस, अलीगढ़ और पीलीभीत शामिल हैं। बागपत के शबगा गांव में यमुना नदी में सरकारी नलकूप बह गया। इस नलकूप से 300 बीघा जमीन की सिंचाई होती थी। आज 55 जिलों में बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 5 दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। बस्ती में रविवार को किसान डिग्री कॉलेज परिसर में बारिश के दौरान आसमानी बिजली गिर गई। मैदान में खेल रहे बच्चे दौड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। बिजली गिरने के बाद धुआं और तेज गंध महसूस की गई। बच्चों का कहना है कि वे कुछ कदम और आगे होते तो हादसा हो सकता था। प्रदेश के 18 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। अब तक प्रदेश में 774 मकान बारिश में ढह चुके हैं। सोनभद्र में रिहंद बांध फिर ओवरफ्लो हो गया है। इसके चलते इस सीजन में चौथी बार गेट खोलना पड़ा है। यह प्रदेश का सबसे बड़ा बांध है। रविवार को 40 जिलों में बारिश हुई। बागपत में सिसाना गांव के पास हाईवे पर यूपी के राज्यमंत्री केपी मलिक का काफिला बारिश के पानी में फंस गया। मौके पर जाम की स्थिति बन गई। 10 मिनट बाद किसी तरह गाड़ी को बाहर निकाला गया।

# इस्तीफे के 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास से निकले धनखड़



नई दिल्ली, 01 सितंबर (एजेंसी)। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अब दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित अभय चौटाला के फॉर्महाउस में रहेंगे। सोमवार शाम 6 बजे उन्होंने इस्तीफे के 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास छोड़ा। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रमुख अभय चौटाला ने बताया कि हमारे परिवार के धनखड़ जी से पुराने रिश्ते रहे हैं। हमने उनसे हमारे घर में रहने की अपील की, जो उन्होंने मान ली। धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को पद से इस्तीफा दे दिया था। तब वे सार्वजनिक कहीं नजर नहीं आए। इस दौरान विपक्ष ने हाउस अरेस्ट जैसे कई आरोप लगाए। हालांकि सरकार ने इनसे इनकार किया। धनखड़ अब तक संसद भवन के पास उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में रह रहे थे। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। धनखड़ अभय चौटाला के फार्महाउस में तब तक रहेंगे, जब तक उन्हें टाइप-8 सरकारी बंगला आवंटित नहीं कर दिया जाता, जिसके वे पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते हकदार हैं। धनखड़ के करीबी सूत्रों ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं, टेबल टेनिस खेल रहे हैं और योग का अभ्यास कर रहे हैं। धनखड़ और चौटाला परिवार के बीच करीब 40 साल पुराना रिश्ता है। 1989 में हरियाणा के बड़े जाट नेता और तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी देवीलाल ने राजस्थान के युवा वकील धनखड़ को फ्यूचर का लीडर कहा था। धनखड़ देवीलाल को अपना राजनीतिक गुरु मानते हैं। उसी दौर में दिल्ली के बोट क्लब पर देवीलाल के जन्मदिन पर विपक्षी रैली में धनखड़ ने 500 गाड़ियां राजस्थान से जुटाई थीं। इसके बाद 1989 लोकसभा चुनाव में देवीलाल ने धनखड़ को झुंझुनूं सीट से टिकट दिया। खुद प्रचार भी किया। चुनाव जीतने पर जब देवीलाल उपप्रधानमंत्री बने तो धनखड़ को भी सरकार में मंत्री पद मिला। हालांकि जब वीपी सिंह ने देवीलाल को मंत्रिमंडल से बाहर किया तो धनखड़ अकेले मंत्री थे जिन्होंने विरोध में इस्तीफा दिया।

# रात को यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर जाएगा

### –हथिनीकुंड बैराज से 3.29 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया, क्षेत्र में हाईअलर्ट

कैराना, 01 सितम्बर (बु.)। हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में अधिकतम 3.29 लाख क्यूसेक पानी प्रति सैकेंड छोड़ा गया, जिसके चलते कैराना में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान 231.5 मीटर की ओर बढ़ रहा है। इससे खादर के लोगों की चिंताएं बढ़ गई है। प्रशासन की ओर से हाईअलर्ट जारी किया गया है। देर रात तक जलस्तर द्वारा खतरे के निशान को पार करने की संभावनाएं भी जताई गई है। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण हथिनीकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके चलते यमुना नदी के जलस्तर में उफान देखने को मिल रहा है। सोमवार सुबह 8 बजे पहाड़ों पर 42 एमएम बारिश हुई, जिस कारण हथिनीकुंड बैराज पर पानी का अधिक दबाव होने से हथिनीकुंड बैराज के सभी गेट खोल दिए गये। सोमवार सुबह 9 बजे हथिनीकुंड बैराज से अधिकतम 3 लाख 29 हजार 313 क्यूसेक पानी प्रति सैकेंड छोड़ा गया है, जिसके बाद जलस्तर में तेजी के साथ वृद्धि हो रही है। रविवार को यमुना नदी का जलस्तर 229.95 मीटर होने के बाद सोमवार सुबह 8 बजे जलस्तर 230 मीटर होने के बाद शाम 4 बजे 230.5 मीटर पर पहुंच गया, जबकि शाम 7 बजे जलस्तर 230.8 मीटर पर दर्ज किया गया। यमुना नदी का चेतावनी बिंदु 230 मीटर व खतरे का निशान 231.5 मीटर पर है। प्रशासन की ओर से यमुना नदी के किनारे बसे गांवों में रहने वाले लोगों और खेतों में काम करने वाले किसानों से सतर्क रहने की अपील की है। बाढ़ चौकियों को भी अलर्ट किया गया है। लोगों को चिंता सता रही है कि यमुना का बढ़ता जलस्तर भारी नुकसान का कारण बन सकता है। देर रात तक जलस्तर खतरे के निशान 231.5 मीटर को पार कर सकता है। तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। बाढ़ नियंत्रण चौकियों पर तैनात कर्मचारियों के साथ ही लेखपालों को क्षेत्र में अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## मामौर के पास यमुना तटबंध में आयी दरारें

कैराना, 01 सितम्बर (बु.)। कई दिन से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश व यमुना में उफान के कारण मामौर के पास यमुना तटबंध में कई जगह दरारें आ गई है। मामौर निवासी महताब, नूरदीन, साजिद आदि का कहना है कि 2013 में 8 लाख क्यूसेक पानी आने के बाद मवी के पास से तटबंध बाढ़ के पानी में टूट कर बह गया था। इसी प्रकार तटबंध में दरारें आनी शुरू हो गई है। प्रशासन को तटबंध की मरम्मत करानी चाहिए।

## हथिनीकुंड बैराज से इस तरह छोड़ा गया पानी

| | |
|---|---|
| सुबह 8 बजे- | 311032 क्यूसेक |
| सुबह 9 बजे- | 329313 क्यूसेक |
| सुबह 10 बजे- | 321653 क्यूसेक |
| दोपहर 12 बजे- | 323180 क्यूसेक |
| दोपहर 2 बजे- | 303519 क्यूसेक |
| शाम 5 बजे- | 292365 क्यूसेक |



## नायब तहसीलदार व ड्रैनेज विभाग के अधिकारियों ने तटबंध का किया निरीक्षण

कैराना, 01 सितम्बर (बु.)। हथिनीकुंड बैराज से 3.29 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की सूचना पर नायब तहसीलदार सतीश कुमार व ड्रेनेज विभाग के अधिकारियों ने सोमवार शाम यमुना नदी व तटबंध का निरीक्षण किया। टीम ने मामौर के पास क्षतिग्रस्त तटबंध की मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया।

# शाहपुर पहुंची शांतिकुंज हरिद्वार की अखंड ज्योति

### - सैकड़ों लोगों ने अभिनंदन किया - 1926 में स्थापित की गई थी उक्त ज्योति



शाहपुर, 01 सितम्बर (बु.)। शाहपुर कस्बे के मंगलापुरी मंडी में मास्टर मांगेराम सैनी जी के आवास पर हरिद्वार शांतिकुंज से चलकर अखंड ज्योति पहुंची, तो नगर वासियों ने जोरदार स्वागत किया। अखंड ज्योति व कलश के पूजन के बाद सैकड़ों की तादाद में महिला-पुरुष अखंड ज्योत लेकर अपने-अपने घर पर पहुंचे। इस दौरान शांतिकुंज हरिद्वार से आए आचार्य उदय सिंह चौहान ने बताया कि हरिद्वार के शांतिकुंज में स्थापित अखंड ज्योति का यह शताब्दी वर्ष है। वर्ष 1926 में युग पुरुष आचार्य श्रीराम शर्मा जी द्वारा स्थापित की गई थी, जो देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। इसके अलावा दुनिया के 11 देश में भी अखंड ज्योति का प्रचार-प्रसार चल रहा है। इस दौरान उदय सिंह चौहान शांति कुंज टोली प्रमुख, अशोक वर्मा, देवशरण त्यागी दिनकरपुर, रुकमणी, सोमपाल मंसूरपुर, श्यामपाल सिंघल, मणिकांत मित्तल, पंडित त्रिलोकी नाथ, पंडित प्रेम शंकर, मुकुल सैनी, राजीव कुमार, पूरण सिंह, अजय सैनी, जतिन सैनी, डॉ. मौजपाल, संजीव सिंघल, रोहताश नामदेव, हरिशरण नामदेव, सोनू, नामदेव, आदित्य सैनी, ऋषिपाल सैनी, मनोज गोयल, विजय बंसल, संदीप बंसल, राजेश सैनी, डॉ. राकेश पाल आदि मौजूद रहे।

# चांदी की ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग का नियम हुआ लागू, असली-नकली की पहचान में करेगा मदद




नई दिल्ली, 01 सितंबर (एजेंसी)। 1 सितंबर से पूरे देश में चांदी की ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग का नियम लागू हो गया है। यानी अब बाजार में बिकने वाली हर चांदी की ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग का निशान होना जरूरी है। भारतीय मानक ब्यूरो ने चांदी की शुद्धता के लिए 6 नए स्टैंडर्ड 800, 835, 900, 925, 970 और 990 तय किए हैं। ये ग्रेड ही इस बात का संकेत होगा कि आप जो चांदी खरीद रहे हैं, वो कितना शुद्ध है। 990 ग्रेड वाला चांदी सबसे शुद्ध चांदी होगी। सरकार का कहना है कि इस कदम से ग्राहकों को ठगी से बचाया जा सकेगा और उन्हें शुद्ध चांदी ही मिलेगी। अक्सर ग्राहकों को असली और नकली चांदी में फर्क करना मुश्किल होता है। कई बार दुकानदार ज्यादा मुनाफे के लिए कम शुद्धता वाली चांदी बेच देते हैं। ऐसे में हॉलमार्किंग ग्राहकों के लिए भरोसे की गारंटी है। जैसे सोने में कैरेट देखकर पहचान की जाती है, वैसे ही चांदी की ज्वेलरी पर हॉलमार्क से शुद्धता पता चलेगी। अब कोई दुकानदार शुद्धता छुपाकर महंगी ज्वेलरी नहीं बेच पाएगा। खरीदी गई ज्वेलरी पर ग्राहक को पूरा विश्वास रहेगा कि वह असली चांदी ही ले रहा है। जरूरत पड़ने पर ज्वेलरी बेचने या गिरवी रखने में भी इसका सही मूल्य मिलेगा।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# रूसी तेल से भारतीय ब्राह्मणों को मुनाफा, कीमत पूरा देश चुका रहा : पीटर नवारो

### - ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो का बेतुका बयान
### - भारत के चीन-रूस के करीब जाने से दुनिया में अशांति फैलेगी




बाशिंगटन, 01 सितंबर (एजेंसी)। ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने भारतीय ब्राह्मणों पर रूसी तेल खरीद कर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भारत के ब्राह्मण रूसी तेल से मुनाफा कमा रहे हैं, जिसकी कीमत पूरा भारत चुका रहा है। नवारो ने कहा कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे यूक्रेन पर हमला करने के लिए पैसे दे रहा है। इसलिए सबसे ज्यादा टैरिफ झेल रहा है। इससे रूस और अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है, बल्कि आम भारतीयों को हो रहा है। यह बात उन्हें समझनी चाहिए। नवारो ने भारत को ह्यरूस की धुलाई मशीनह्व कहा और आरोप लगाया कि भारत न सिर्फ व्यापार असंतुलन बढ़ा रहा है, बल्कि ऐसे गठजोड़ भी मजबूत कर रहा है, जो अमेरिका के हितों के खिलाफ हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सोमवार को पीटर नवारो की विवादित टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि अमेरिका को इस तरह के निराधार बयान नहीं देने चाहिए। इस मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सागरिका घोष ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा- ब्राह्मण शब्द का इस्तेमाल अंग्रेजी बोलने वाली दुनिया में अमीरों के लिए किया जाता है। ऐसे में नवारो का बयान न केवल भ्रामक है, बल्कि उनकी अज्ञानता भी दिखा रहा है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य और जाने-माने अर्थशास्त्री संजीव सान्याल ने भी नवारो की टिप्पणी को गलत ठहराया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह बयान बताता है कि अमेरिका के बौद्धिक क्षेत्रों में भारत के प्रति किस तरह के पूर्वाग्रह हावी हैं। यह सोच सीधे तौर पर 19वीं सदी के जेम्स मिल जैसे औपनिवेशिक लेखकों की विरासत है। इससे पहले भी नवारो ने ब्लूमबर्ग टीवी के इंटरव्यू में रूस-यूक्रेन जंग को मोदी की जंग बताया था। उन्होंने कहा था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे रिफाइन करता है और ऊंची कीमत पर बेचता है। इससे रूस को जंग के लिए पैसा मिलता है और वो यूक्रेन पर हमला करता है। नवारो ने चेतावनी देते हुए कहा कि रूस और चीन के साथ भारत के बढ़ते संबंध दुनिया के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने कहा- भारत तुम तानाशाहों के साथ मिल रहे हो। चीन ने अक्साई चिन और तुम्हारे कई इलाके पर कब्जा कर लिया। और रूस? जाने भी दो। ये आपके दोस्त नहीं हैं।

## लखनऊ में ऑटो चालक की दिनदहाड़े हत्या

लखनऊ, 01 सितंबर (एजेंसी)। लखनऊ में ऑटो चालक की दिनदहाड़े गला रेतकर हत्या कर दी गई। आरोपी को हत्या करते देख ग्रामीण मौके पर दौड़ते हुए पहुंच गए। जब तक लोग पहुंचते तब तक ड्राइवर की मौत हो चुकी थी। लोगों ने आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया। वारदात गोसाईगंज थाना क्षेत्र के उन्मेदखेड़ा मोड़ पर की गई। मृतक की पहचान गादियाना निवासी पवन के रूप में हुई है। आरोपी मोहित उसी के गांव का रहने वाला है। लोगों आता देख मोहित भागने लगा लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- पवन की हत्या उसके ऑटो में ही की गई। वह ऑटो लेकर घर से निकला था। उसे रास्ते में मोहित मिल गया। मोहित सड़क पर काफी देर से टहल रहा था। उसने ऑटो देखा तो उसके सामने आकर जबरदस्ती रुकवा लिया और पवन पर हमला कर दिया। जब तक लोग पहुंच पाते तब तक में मोहित गला रेतकर भागने लगा। मृतक पवन दोनों पैर से दिव्यांग था। उसके पिता की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। उसकी माता शिवरानी ने बताया- बेटे ने डेढ़ महीने पहले ऑटो खरीदा था। वह दिव्यांग होने के बावजूद घर का पूरा खर्च उठाता था। वह घर के खर्च के लिए बहुत मेहनत कर रहा। इंस्पेक्टर गोसाईगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी का कहना है कि आरोपी की उम्र करीब 21-22 साल की है। पूछताछ की जा रही है। वहीं, मृतक के भाइयों का कहना है कि पैसे के लेनदेन को लेकर हत्या हुई है।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## नयी वैश्विक व्यवस्था आकार ले रही है

चीन में एससीओ शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं के भाषण और हाव-भाव से दुनिया यह अंदाजा लगा रही है कि नयी वैश्विक व्यवस्था आकार ले रही है। पुतिन और शी जिनपिंग के भाषण में भी यह बात झलकी। चीन में प्रधानमन्त्री मोदी, रूस के राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के मिलन को देखकर अमेरिका को कों भी बेचैनी हुई। अमेरिकी प्रशासन ने एक पोस्ट की है, जिससे लगता है कि वह नर्म पड़ रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमन्त्री कुछ अलग-थलग नजर आए। एससीओ समिट में बोलते हुए शी जिनपिंग ने अपने भाषण में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और भारत के प्रधानमन्त्री मोदी सहित एससीओ नेताओं से निष्पक्षता और न्याय का पालन करने,शीत युद्ध की मानसिकता, गुटबाजी और धमकाने वाले व्यवहार का विरोध करने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने साफ किया, कि चीन एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था की पैरवी कर रहा है, जिसमें किसी एक देश का वर्चस्व न हो, बल्कि बहुपक्षीयता और साझा सुरक्षा ही मार्गदर्शक सिद्धांत हों। शी जिनपिंग ने अपने भाषण में शंघाई स्पिरिट का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले वर्षों में एससीओ ने सदस्य देशों के बीच सुरक्षा, विकास और सहयोग को मजबूती दी है और भविष्य में यह संगठन और भी बड़ी भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि चीन सभी सदस्य देशों के साथ मिलकर इस क्षेत्रीय सुरक्षा मंच को नयी ऊंचाई पर ले जाएगा और बाहरी हस्तक्षेप के खिलाफ एकजुट खड़ा होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी हाल में चीन की बहुपक्षीयता को समर्थन देने की भूमिका की सराहना की थी। शी जिनपिंग ने साफ शब्दों में अमेरिका को चेताया कि आधिपत्यवाद और सत्ता की राजनीति नहीं चलेगी। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एससीओ में कहा कि हमने कानून प्रवर्तन और सुरक्षा सहयोग को लगातार बढ़ावा दिया, मतभेदों को उचित ढंग से सुलझाया, बाहरी हस्तक्षेप का स्पष्ट रूप से विरोध किया और क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखी। हम सभ्यताओं के बीच समावेशिता और आपसी सीख के हिमायती हैं, और आधिपत्यवाद और सत्ता की राजनीति का विरोध करते हैं। एससीओ सम्मेलन में जिस तरह से भारत-चीन और रूस के रिश्तों में गर्माहट दिखी, उससे कहीं न कहीं अमेरिका को चिंता हुई है कि भारत, शायद उनके पाले से छिटक सकता है, यही वजह है कि अमेरिकी दूतावास ने तुरंत ट्वीट कर भारत-अमेरिका के संबंधों को अहम बताया। एससीओ शिखर सम्मेलन पर पूरी दुनिया की निगाहें थी। खासकर अमेरिका द्वारा दुनिया के कई देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगाए जाने से उपजे तनाव के बीच यह बैठक हो रही थी। अब ऐसा लग रहा है कि भारत-चीन और रूस के बीच बढ़ती नजदीकियां देखकर अमेरिका के तेवर नरम पड़ गए हैं, जिस वक्त पीएम मोदी चीन के तियानजिन में मौजूद रहे, उसी वक्त नयी दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर पोस्ट की। अमेरिकी दूतावास ने लिखा कि अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी लगातार नयी ऊंचाइयों को छू रही है। यह 21वीं सदी का एक निर्णायक रिश्ता है। इस महीने, हम उन लोगों, प्रगति और संभावनाओं पर प्रकाश डाल रहे हैं, जो हमें आगे बढ़ा रहे हैं। नवाचार और उद्यमिता से लेकर रक्षा और द्विपक्षीय संबंधों तक, यह हमारे दोनों देशों के लोगों के बीच की स्थायी मित्रता ही है, जो इस यात्रा को ऊर्जा प्रदान करती है। एससीओ समिट में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ की मौजूदगी में पहलगाम हमले की निंदा की गई। एससीओ के घोषणा पत्र में कहा गया कि इस हमले के अपराधियों, आयोजकों और उन्हें समर्थन देने वालों को सजा दिलाना जरूरी है। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने चीन दौरे के आखिरी दिन अपने सम्बोधन में आतंकवाद को दुनिया के लिए खतरा बताया। उन्होंने पहलगाम हमले का उल्लेख करते हुए इसे आतंकवाद का सबसे बुरा रूप बताया। मोदी ने कहा कि भारत आतंकवाद को पिछले चार दशकों से झेल रहा है। पीएम ने सवाल उठाया कि कुछ देशों का आतंकवाद को खुला समर्थन कैसे स्वीकार किया जा रहा है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ को इस समिट में अकेला-अकेला सा देखा गया, लेकिन शहबाज शरीफ को बोलने का मौका मिला। शहबाज शरीफ ने क्षेत्रीय शांति और सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सभी एससीओ सदस्यों और पड़ोसी देशों की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करता है। शरीफ ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में हमारे क्षेत्र में परेशान करने वाली घटनाएं हुई हैं। उन्होंने मई में भारत के सिंधु जल संधि को निलंबित करने के कदम का जिक्र करते हुए कहा कि सभी एससीओ सदस्यों को द्विपक्षीय संधियों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा, पानी के उचित हिस्से तक पहुंच एससीओ के सुचारू कामकाज को मजबूत करेगी। शरीफ ने पाकिस्तान में हाल की बाढ़ और भारी बारिश से हुए नुकसान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बाढ़ ने भारी तबाही मचाई, जिसमें लोगों की जान, पशुधन, बुनियादी ढांचे और फसलों को नुकसान हुआ। उन्होंने चीन के समर्थन की सराहना की। शरीफ ने अफगानिस्तान पर कहा कि हमें एक शांत और स्थिर अफगानिस्तान की जरूरत है। उन्होंने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आर्थिक एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण बताया। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और पीएम मोदी एक ही कार में बैठकर द्विपक्षीय बातचीत के लिए पहुंचे। इस बैठक में पुतिन की आगामी भारत यात्रा पर चर्चा की गई। मीटिंग से पहले दोनों नेताओं ने कार में बैठकर बातचीत की थी। समिट के बाद पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन को द्विपक्षीय बातचीत को बहुत महत्वपूर्ण कहा जा रहा है। पुतिन, मोदी को अपनी लग्जरी कार लिमोजिन में साथ बैठाकर ले गए। रास्ते में दोनों नेताओं के बीच वन-टू-वन बातचीत जारी रही। होटल पहुंचने के बाद भी वे कार से नहीं उतरे और करीब 50 मिनट तक बातचीत करते रहे। रूस के रेडियो चैनल ने भी यह जानकारी दी। बाद में क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने भी पुष्टि की कि दोनों नेताओं ने कार में लगभग एक घंटे तक बातचीत की। मॉस्को के राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कार में हुई यह चर्चा शायद दोनों नेताओं के बीच सबसे अहम और गोपनीय बातचीत रही, जिसमें ऐसे मुद्दे शामिल थे, जिन पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं की जानी थी।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'वोट' 'ड्रामा' 'रेस्ट' 'झूट'

वोट के प्यासों का ड्रामा कुछ समय को थम गया,
कुछ घड़ी को रैस्ट लेंगे फिर शुरू हो जाएंगे।
झूट को फिर लाएंगे वो,एक नयी पैकिंग के साथ,
कुछ घड़ी को रैस्ट लेंगे फिर शुरू हो जाएंगे।

# मेरठ सदर व मवाना तहसील के युवाओं ने दिखाया दमखम

## - आज अग्निवीर बनने को मैदान में दौड़ेंगे जनपद के 945 युवा - बारिश ने रोके कई युवाओं के मैदान पर कदम, दिखी मायूसी





मुजफ्फरनगर, 01 सितम्बर (बु.)। मोदी सरकार की भारतीय सेना अग्निपथ रूपी महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान की पहल पर जिले में संपन्न हुई। अग्निवीर सेना भर्ती रैली अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है, जिसमें मंगलवार को सामान्य ड्यूटी के लिए जिले के यवुाओं को दमखम दिखाने का मौका मिल रहा है। इस भर्ती रैली के बूते युवाओं को मिलने वाले इस स्वर्णिम अवसर के बीच युवाओं में भर्ती प्रक्रिया को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। ऐसे में सोमवार देर सायं से इस परीक्षा में शामिल होने के लिए गांव-देहात की पगडंडी और खेतों से नगर की सड़कों तक मेहनत करने वाले युवाओं की परीक्षा होगी, जिसके बाद उन्हें भविष्य में देश सेवा का मौका मिलेगा। नगर के मेरठ रोड स्थित चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम और नुमाइश ग्राउंड में बीते 22 अगस्त से शुरू अग्निवीर भर्ती रैली में इस बीच अग्निवीर के जनरल ड्यूटी समेत अन्य सेवाओं के लिए शुरू भर्ती प्रक्रिया में सोमवार सुबह से हुई झमाझम बारिश ने हापुड़ जिले के साथ मेरठ जनपद की सरधना तहसील के 1062 युवाओं की इस बीच अग्नि परीक्षा लेने का काम किया, जिसमें बारिश रूक जाने के बाद नुमाइश ग्राउंड में दौड़ प्रक्रिया देर से प्रारंभ हुई। इस बीच निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य पाने वाले युवाओं को अन्य परीक्षाओं से गुजरने का मौका दिया गया। हालांकि दिनभर जारी बारिश से कई युवाओं को मायूस भी होना पड़ा। इससे पूर्व रविवार मध्य रात्रि के बाद प्रवेश पत्रों की जांच के बाद युवाओं को भर्ती रैली स्थल मैदान में प्रवेश दिया गया। सोमवार को मेरठ की सदर व मवाना तहसील के 989 युवाओं को दौड़ के साथ शारीरिक क्षमता एवं सेना भर्ती नियमों की कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। भारतीय थल सेना भर्ती मेरठ कार्यालय द्वारा नुमाइश ग्राउंड एवं चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में बीते 22 अगस्त से यूपी के 13 जनपदों के 54 तहसीलों के 17 हजार अभ्यर्थियों को भर्ती रैली में दौड़ समेत अन्य शारीरिक परीक्षाओं से गुजरने को मौका मिला। मंगलवार में भारतीय थल सेना भर्ती कार्यालय मेरठ की ओर से नुमाइश कैंप व चौ. चरणसिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित भर्ती रैली में मुजफ्फरनगर जनपद के 945 अभ्यर्थी दौड़ समेत अन्य परीक्षाओं से गुजरेंगे। इसी कड़ी में सोमवार देर सायं रोजमर्रा की तरह भर्ती स्थल के आसपास के क्षेत्र में अग्निवीर भर्ती रैली में प्रवेश को लेकर भारी मारामारी दिखाई दी। इस बीच मुजफ्फरनगर जिले की सदर, बुढ़ाना, जानसठ और खतौली तहसीलों के युवाओं को अग्निवीर भर्ती में दमखम दिखाने का मौका मिलेगा।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि. द्वारा पदाधिकारी सम्मान समारोह किया गया आयोजित



मुजफ्फरनगर, 01 सितम्बर (बुस.)। गोल मार्किट व्यापार संगठन संबद्ध उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि के अध्यक्ष राजेंद्र अरोरा द्वारा पदाधिकारी सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष,मंडल प्रभारी, पूर्व सदस्य राज्य वाणिज्य कर विभाग उप्र सरकार, कृष्ण गोपाल मित्तल, जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, जिला युवा अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, इकाई तहसील परिसर अध्यक्ष बृज कुंवर गर्ग, इकाई शिव मार्केट अध्यक्ष जयेंद्र प्रकाश उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र अरोरा एवं महेंद्र नाथ द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। सभा में अतिथियों के रुप में उपस्थित वक्ताओं द्वारा नवंबर माह में आयोजित होने वाले मंडलीय व्यापारी महासम्मेलन, जिसमें मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में व्यापार संगठन के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष एवं स्वतंत्र प्रभार मंत्री नितिन अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापारियों से आह्वान किया एवं कहा कि व्यापार संगठन द्वारा लगातार इकाइयों के कर्मठ पदाधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया जा रहा है। सभा में यह भी घोषित किया गया कि सम्मेलन के दौरान व्यापारियों को 60 वर्ष की आयु के बाद पेंशन योजना लागू कराने हेतु एक ज्ञापन नितिन अग्रवाल को सौंपा जाएगा। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा व्यापार संगठन इकाई के कर्मठ पदाधिकारी राजेंद्र अरोरा, जयेंद्र प्रकाश, बृज कुंवर गर्ग, महेंद्र नाथ, सुरेंद्र ठाकुर, सादिक भारती, चंद्र मोहन, भारत अरोरा, जितेंद्र कुमार, नवदीप, मोहित नागपाल, राजकुमार संगम, गौहर राणा, विजय कुमार, हनी, फिरोज शेख, किरण पाल, अनुज गोयल, अज्जू मदान, कृष्ण कुमार सहित गणमान्यों को प्रशस्ति-पत्र भेंट करते हुए सम्मानित किया गया।

# शाहपुर में स्वास्थ्य विभाग की अल्ट्रासाउंड सेंटर पर बड़ी कार्यवाही

## - डिप्टी सीएमओ ने सत्यम डायग्नोस्टिक सेंटर सील किया, थाने पर मुकदमा दर्ज



शाहपुर, 01 सितम्बर (बु.)। कस्बे में जनपद के स्वास्थ्य विभाग में बड़ी कार्यवाही करते हुए बुढ़ाना रोड स्थित सत्यम डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर पर छापेमारी कर सैन्टर पर अनियमितता मिलने पर सील किया गया। डिप्टी सीएमओ ने शाहपुर थाने पर देर रात संबंधित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया है। तहसीलदार बुढ़ाना को भी घटनाक्रम से अवगत कराया गया है। पीसीपीएनडीटी एक्ट के नोडल अधिकारी डॉ. विपिन कुमार ने बताया कि सोमवार को शाहपुर-बुढ़ाना रोड स्थित सत्यम डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर पर छापेमारी की गयी। जांच के दौरान सेंटर पर कई गंभीर अनियमितताएँ पाई गई। जाँच में यह पाया गया कि निरीक्षण के समय कोई पंजीकृत चिकित्सक मौजूद नहीं था, जबकि अल्ट्रासाउंड मशीन चालू हालत में मिली। इसके अतिरिक्त, अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड किया जा रहा था। वहीं अल्ट्रासाउंड संबंधी सभी फॉर्म और रिकॉर्ड अधूरे एवं त्रुटिपूर्ण पाए गए। उन्होंने बताया कि सैन्टर पर गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए सेंटर को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। इस मामले में सेंटर के संचालक धर्मेंद्र चौहान पुत्र रतन सिंह एवं पंजीकृत चिकित्सक डॉ. निर्मल सिंह (एमबीबीएस, डीएमआरडी) के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई लिंग-चयन जैसी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाती है। भविष्य में भी यदि किसी संस्था अथवा व्यक्ति को इस प्रकार के अपराध में लिप्त पाया गया, तो उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

# दिवाली से पहले दिल्ली के कारोबारियों को मिलेगा 1600 करोड़ का गिफ्ट




नई दिल्ली, 01 सितंबर (एजेंसी)। राजधानी के व्यापारियों के लिए दीपावली से पहले खुशखबरी आई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि साल 2019 से लंबित लगभग 1600 करोड़ रुपये का जीएसटी रिफंड दीपावली पर्व से पहले अदा कर दिया जाएगा। सरकार का दावा है कि इस कदम से व्यापारियों को राहत मिलेगी और उनकी दीपावली और खुशहाल मनेगी। दिल्ली सरकार के अनुसार जीएसटी रिफंड प्रक्रिया को पारदर्शी और तेज बनाने के लिए आईआईटी-हैदराबाद के सहयोग से एक मॉडर्न आईटी मॉड्यूल विकसित किया गया है। यह मॉड्यूल डेटा एनालिटिक्स, ऑटोमेशन और फास्ट जांच प्रक्रिया पर आधारित होगा, जिससे व्यापारी बिना देरी के अपने रिफंड पा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने इस मसले पर अपने कैंप ऑफिस ह्यमुख्यमंत्री जनसेवा सदनह्न में व्यापार एवं कर विभाग (जीएसटी) की विशेष बैठक की अध्यक्षता की। शनिवार को हुई इस बैठक में जीएसटी आयुक्त नंदिनी पालीवाल, वित्त सचिव शूरवीर सिंह और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार ने इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया था, जबकि उनकी सरकार ने इसे गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि सभी लंबित रिफंड दीपावली से पहले निपटा दिए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी बकाया, बिना विवाद और वास्तविक रिफंड आवेदनों का निपटारा संबंधित नियमों के अनुसार जल्द-से-जल्द किया जाए और इस काम को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि तय समय में रिफंड से कारोबारियों को पूंजी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी, उनकी मुकदमेबाजी की लागत घटेगी और सही तरीके से दिल्ली की आर्थिक प्रगति को गति मिलेगी। रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य व्यापारियों के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत बनाना है। उन्होंने भरोसा दिया कि सरकार कारोबारी जगत की जरूरतों और चुनौतियों को समझते हुए, उनके हितों की रक्षा के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में हमारी सरकार ने ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का गठन भी किया है और इस बोर्ड में दिल्ली के व्यापारियों को भी सही तरीके से प्रतिनिधित्व दिया गया है, ताकि उनकी समस्याओं और हितों का सही मायनों में समाधान हो सके।

# वोटर अधिकार यात्रा का आखिरी दिन, खड़गे का दावा 6 महीने में गिरेगी सरकार




पटना, 01 सितंबर (एजेंसी)। बिहार में वोटर अधिकार यात्रा का आज आखिरी दिन है। यात्रा का समापन बिहार की राजधानी पटना में हो रहा है। इसमें राहुल गांधी, तेजस्वी यादव समेत तमाम इंडिया ब्लॉक के नेता शामिल हुए हैं। यह यात्रा बिहार के सासाराम से शुरू हुई थी। यात्रा का मकसद वोटर्स को आगाह करना और वोटर लिस्ट से नाम काटने, एसआईआर का विरोध करना था। 16 दिन की इस यात्रा के आखिरी दिन कई बदलाव कर दिए गए। पहले पटना के गांधी मैदान में इस रैली का समापन होने वाला था, लेकिन पहले ही इसमें अहम बदलाव कर दिया गया। प्लान था कि राहुल गांधी 31 अगस्त को ही रात में पटना पहुंचेंगे और यात्रा के दौरान साथ देने वाले कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। बताया गया कि सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें इसकी इजाजत नहीं मिली। इसके बाद कार्यक्रम में बदलाव कर दिया गया। वहीं, जिला प्रशासन का कहना है कि उनके पास इजाजत के लिए आवेदन आया ही नहीं। बिहार में 16 दिन चली राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा आज यानी सोमवार को पटना में खत्म हुई। राहुल ने साढ़े 3 घंटे पटना में वोटर अधिकार मार्च निकाला। गांधी मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुबह 11 बजे मार्च की शुरूआत हुई जो हाईकोर्ट के पास अंबेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण कर खत्म हुई। इससे पहले राहुल-तेजस्वी के मार्च को डाकबंगला चौराहे पर रोक दिया गया। यहां जनसभा हुई। इसके लिए पहले से मंच तैयार था। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा, 'एनडीए के लोग वोट चोरी कर जीत रहे। महाराष्ट्र में भी ये वोट चोरी कर जीते। देश ही नहीं, चीन में भी लोग बोल रहे हैं, वोट चोर, गद्दी छोड़।' 'वोटर अधिकार यात्रा में बीजेपी के लोग काले झंडे दिखा रहे हैं। बीजेपी के लोग सुन लें, एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम होता है, वो आ रहा है। वोट चोरी की सच्चाई पूरे देश को पता लगने वाली है। हाइड्रोजन बम के बाद नरेंद्र मोदी देश को अपना चेहरा नहीं दिखा पाएंगे।'

# पूर्व पालिकाध्यक्ष डॉ. सुभाष शर्मा ने बड़ी धर्मशाला में की गणेश वंदना





मुजफ्फरनगर, 01 सितम्बर (बुस.)। प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी के जन्मोत्सव की पूरे देश में धूम मची हुई है। इसी कड़ी में नगर के नई मंडी क्षेत्र में बड़ी धर्मशाला में श्री गणेश जी की पूजा-वंदना के साथ भक्ति रस की फुव्वारें बिखेरी जा रही हैं। नई मंडी क्षेत्र में बड़ी धर्मशाला में 19वाँ श्री सिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव समिति द्वारा भव्य पंडाल सजाकर चतुर्थी 27 अगस्त से 04 सितम्बर 2025 तक प्रतिदिन सुबह शाम पूजा-अर्चना के साथ साथ स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा दिव्य एवं अलौकिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए हैं। ये सभी कार्य पंडित अवधराज आचार्य के परम सानिध्य में आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को इस कड़ी में पूर्व पालिकाध्यक्ष डॉ. सुभाष शर्मा बड़ी धर्मशाला में पहुंचे पूजा अर्चना की। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भाद्रपद मास की चतुर्थी के दिन महर्षि वेद व्यास ने भगवान गणेश से महाभारत लिखने का अनुरोध किया था और गणेश जी ने अपने एक टूटे हुए दांत का उपयोग करके महाभारत को लिखा था। गणेश चतुर्थी का शुभ अवसर इस घटना से जुड़ा है, जब गणेश जी ने इस महाकाव्य को लिपिबद्ध किया था। श्रीगणेश जी को 'प्रथम लिपिकार' भी माना जाता है। महर्षि वेदव्यास ने महाभारत की रचना की थी, लेकिन उन्होंने गणेश जी से उसे लिखने का अनुरोध किया था। महर्षि वेदव्यास ने श्रीगणेश जी को महाभारत सुनाने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने शर्त रखी कि गणेश जी को बिना रोके और अर्थ समझकर लिखना होगा। गणेश जी ने भी एक शर्त रखी कि वेदव्यास को भी बिना रोके अपनी कथा सुनानी होगी। इस तरह, गणेश जी ने वेदव्यास के कहने पर महाभारत को लिखा और इस प्रकार यह भव्य ग्रंथ पूरा हुआ। महाभारत को पाँचवें वेद के रूप में भी जाना जाता है और इसमें धर्म, ज्ञान, वैराग्य, नीति और आध्यात्म जैसे विषयों का सार है। यह भारतीय ज्ञान का एक विशाल विश्वकोष है।

# शाहपुर में जाहरवीर जी की भव्य, विशाल एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई

## - गोगा जी के मेले का भी रात्रि में विधिवत हुआ उद्घाटन







शाहपुर, 01 सितम्बर (बु.)। नगर में श्री जाहरवीर गोगा जी की भव्य, विशाल एवं ऐतिहासिक शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बनी झांकियां नागरिकों के आकर्षण का केंद्र रही। गुरु गोरखनाथ जी, हनुमान जी, आदि योगी, खाटू श्यामजी की एवं नरसिम्हा की झांकी के साथ-साथ जाहरवीर जी का रथ सभी को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। कई श्रद्धालुओं ने स्थान-स्थान पर शोभायात्रा का सपनों सरीखा स्वागत किया। कस्बे में श्री जाहरवीर गोगाजी मेला समिति के तत्वावधान में श्री जाहरवीर गोगाजी की शोभा यात्रा का शुभारंभ प्रमुख भाजपा नेता उमेश मित्तल ने फीता काटकर किया, जबकि छड़ी का दीप प्रज्ज्वलन प्रमुख समाजसेवी अरविंद पाल ने किया। यात्रा श्री जाहरवीर गोगा जी की महाड़ी से प्रारंभ होकर मौहल्ला सैनियान, मेन बाजार, मेन रोड, मंगलापुरी मंडी, शिव कॉलोनी व मालदा बाग से होकर निकाली गई। शोभायात्रा में बनी झांकियां नागरिकों के आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का नागरिकों ने विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया। नगर में जाहरवीर गोगा जी की भव्य शोभायात्रा के साथ ही कई दिनों तक चलने वाले माढी के मेले का विधिवत शुभारंभ हो गया। मेले का विधिवत उद्घाटन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमेश सैनी एवं पलड़ी के ग्राम प्रधान मोनू सैनी ने संयुक्त रूप से किया। छड़ी स्थापना भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष रूबी सैनी एवं उनके पति ग्राम पंचायत सचिव शिवकुमार सैनी ने, मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित नामदेव समाज के अध्यक्ष सोनू नामदेव एवं युवा समाजसेवी सावंत नामदेव ने संयुक्तरूप से किया। इससे पूर्व शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। स्थान-स्थान पर जाहरवीर जी की प्रतिमा का पूजा-अर्चना कर सपनों सरीखा स्वागत किया गया। शोभायात्रा के समापन के साथ ही रात्रि में मेले का विधिवत उद्घाटन हुआ ओर निशान चढ़ाया गया एवं छड़ी पूजन किया गया। इस अवसर पर जीर्णोद्धार के बाद रंग बिरंगी विद्युत रौशनी से नहाई माढी आकर्षण का केंद्र बनी रही। गौरतलब है कि हाल ही में इस भव्य रूप दिया गया है। गुरु गोरखनाथ के मंदिर पर भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाले राधेश्याम नामदेव (प्रधान जी) ने जाहरवीर जी की महिमा के विषय में प्रकाश डालते हुए बुलेटिन के विशेष प्रतिनिधि सचिन संगल को बताया कि जाहरवीर गोगा जी के बारे में विभिन्न कथाएं प्रचलित हैं। समाज के प्रत्येक वर्ग में गोगाजी के प्रति अगाध आस्था है। बताया जाता है कि जाहरवीर गोगा जी का जन्म गुरु गोरखनाथ जी के वरदान से हुआ था। उन्हें लोक देवता, सांपों के देवता, नागराज, गोगा पीर, गौ रक्षक देवता, जाहरवीर आदि नामों से जाना जाता है। गोगा जी का जन्म राजस्थान के चुरु जिले में भाद्रपद कृष्ण पक्ष की नवमी को 11वीं सदी में हुआ था। उनकी माता का नाम बांछल देवी, पिता का नाम जेवर, पत्नी का नाम केलम एवं पुत्र का नाम केसरियाजी था। वें गुरु गोरखनाथ के परम शिष्य थे। उनकी घोड़ी को नीली घोड़ी के नाम से पुकारा जाता है। ऐसी मान्यता है कि किसान हल जोतने से पहले गोगा राखड़ी हल एवं बैल को बांधते थे। शोभायात्रा का पूजन विद्वान पंडित बाबूराम ने विधि विधान से संपन्न कराया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष रविंद्र सैनी, निपुण सैनी, सुनील प्रजापति, सोनू सैनी, अनिल सैनी, अंजू सैनी, राकेश कश्यप, कार्तिक सैनी, राजा सैनी, मनोज प्रजापत, सहित आदि मौजूद रहे।

# एससीओ सम्मेलन के बाद ट्रंप का एक और दावा, बोला- भारत अमेरिका पर टैरिफ घटाने को तैयार




नई दिल्ली, 01 सितंबर (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को दावा किया कि भारत ने अब अमेरिका पर टैरिफ कम करने की पेशकश की है, लेकिन काफी देर हो चुकी है। उन्होंने भारत के साथ व्यापार संबंधों को 'एकतरफा' बताते हुए कहा कि भारत अमेरिका को बहुत सारा सामान बेचता है, लेकिन अमेरिका भारत को बहुत कम सामान बेच पाता है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि भारत ने अमेरिकी सामानों पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाए, जिससे अमेरिकी कंपनियों को भारत में सामान बेचना मुश्किल हो गया। यह पूरी तरह से एकतरफा आपदा रही है! उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर तेल और मिलिट्री उपकरण रूस से खरीदता है, न कि अमेरिका से। ट्रम्प ने इसे सालों पुरानी दिक्कत बताया और कहा कि भारत को पहले ही टैरिफ कम कर देना चाहिए था। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब कुछ घंटे पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने एससीओ समिट के दौरान चीन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की है। दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि यह 21वीं सदी की सबसे खास साझेदारी है। उन्होंने कहा कि इस महीने दोनों देश अपने लोगों, तरक्की और नई संभावनाओं पर ध्यान दे रहे हैं। नई तकनीक, कारोबार, रक्षा और आपसी रिश्तों से यह दोस्ती और गहरी हो रही है। मार्को रुबियो ने कहा- यह दोस्ती दोनों देशों के लोगों के प्यार और विश्वास से चलती है। दोनों देश मिलकर नए मौके तलाश रहे हैं, जैसे तकनीक, रक्षा और संस्कृति में एक-दूसरे का साथ देना। ट्रम्प के बयान से कुछ देर पहले ही उनके ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने भारतीय ब्राह्मणों पर रूसी तेल खरीद कर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि भारत के ब्राह्मण रूसी तेल से मुनाफा कमा रहे हैं, जिसकी कीमत पूरा भारत चुका रहा है। नवारो ने कहा कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे यूक्रेन पर हमला करने के लिए पैसे दे रहा है। इसलिए सबसे ज्यादा टैरिफ झेल रहा है। इससे रूस और अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है, बल्कि आम भारतीयों को हो रहा है। यह बात उन्हें समझनी चाहिए।

# हिमाचल में मौसम का अजब रंग, बादलफोड़ बारिश के बाद अब बर्फबारी



मनाली, 01 सितम्बर (एजेंसी)। हिमाचल के पहाड़ों पर भारी बारिश ने पूरे राज्य के लोगों को परेशान कर रखा है। इसके कारण भूस्खलन और अचानक से बाढ़ आने के कई मामले सामने आए हैं। हालांकि भारी बारिश के बाद अब हिमाचल का मौसम इन दिनों अजब रंग लिए है। बारिश के बाद पहाड़ों पर दूसरा रंग चढ़ने लगा है और यह रंग है बर्फ का। हिमाचल के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी हुई है। भारी बारिश के कारण तबाही झेल रहे मनाली से ऊपरी पहाड़ों पर बर्फबारी होती नजर आई है। इसके बाद मनाली के नजदीकी पहाड़ बर्फबारी से ढक गए हैं। बर्फबारी का का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पहाड़ों पर बर्फबारी नजर आ रही है। भारी बारिश के बाद मनाली से 20 किमी की दूरी पर स्थित रोहतांग पास के नजदीक बर्फबारी हुई है। अटल टनल के नजदीक हनुमान टीबा और फ्रेंडशिप पहाड़ पर भी बर्फबारी देखी गई है। ऊपरी पहाड़ों पर बर्फबारी से लोगों को उम्मीद है कि अब मनाली में भी जल्द ही बर्फ गिरेगी और लोगों को बारिश से राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने कहा कि सोलांग घाटी के ऊपर बर्फबारी हुई है। उन्होंने कहा कि ऐसा बहुत कम ही होता है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है और सितंबर के महीने में हुई इस बर्फबारी को भी उसी से जोड़कर के देखा जा रहा है। बता दें कि मनाली में लगातार बारिश और ब्यास नदी के रौद्र रूप के कारण दर्जनों मकान और होटल जमींदोज हो चुके हैं। साथ ही कई रास्ते बंद हो गए हैं और बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान हुआ है। यही कारण है कि स्थानीय लोग बारिश से आजिज आ चुके हैं।

# कौशांबी में 15 साल की लड़की के पीछे पड़ा सांप, 40 दिन में 9 बार पैर पर ही डसा

## - डीएफओ बोले- सांप की प्राइवेसी भंग की



कौशांबी, 01 सितम्बर (एजेंसी)। सिराथू तहसील से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। भैंसहापर गांव की 15 साल की लड़की को पिछले 40 दिनों में 9 बार सांप ने डसा है। हर बार सांप पैर पर ही काटता है। सांप के बार-बार काटने से परिवार दहशत में है। वहीं वन विभाग की टीम गांव में सांप को पकड़ने के लिए रेस्क्यू में जुटी है। पिता का दावा है कि पहली बार 22 जुलाई को सांप ने घर में ही काटा था। इलाज के बाद घर लौटी तो दोबारा सांप ने काट लिया। इसके बाद यह सिलसिला लगातार जारी है। रविवार रात सांप ने लड़की को 9वीं बार काटा। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू ले गए, जहां इलाज चल रहा है। सांप के बार-बार एक ही लड़की को काटने से ग्रामीण भी हैरान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर एक ही लड़की को सांप क्यों बार-बार निशाना बना रहा है। सांप सिर्फ पैर पर ही काट रहा है। गांव पहुंचे डीएफओ पंकज कुमार शुक्ला ने बताया कि संभव है कि लड़की ने सांप की प्राइवेसी भंग की हो। इसी वजह से सांप बार-बार उसे डस रहा है। इस अजीबोगरीब घटना ने पूरे इलाके में दहशत और कौतूहल पैदा कर दिया है। सीएमओ संजय कुमार ने बताया कि रविवार रात एक किशोरी को लेकर परिजन आए थे। किशोरी को सांप ने काट लिया था। इसके पहले 22 जुलाई और 13 अगस्त को भी सांप ने किशोरी को काटा था, जिसकी जानकारी मिली थी। अस्पताल में इलाज किया गया था। 9 बार सर्पदंश की जानकारी नहीं है। अगर यह जहरीला सांप होता तो स्थिति अलग होती। यह जहरीला सांप नहीं है, इसलिए बच्ची सुरक्षित है।

# सोमवार को झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित

## कलेक्ट्रेट और कोर्ट परिसरों में भी दिखा बारिश का असर

**मुजफ्फरनगर, 01 सितम्बर (बु.)।** भारतीय मौसम विभाग के जारी अलर्ट के बीच में सोमवार सुबह से हो रही झमाझम बारिश ने जनजीवन की रफ्तार थाम दी। इस बीच सुरक्षा कारणों से जहां डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर बीएसए ने आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया, वहीं नगर के बाजारों से कोर्ट-कचहरी में भी नो वर्क जैसी स्थिति बनी रही। इस बीच डीएम-एसएसपी ने जर्जर भवनों का निरीक्षण करते हुए जरुरी दिशा निर्देश दिए।

दिल्ली-एनसीआर के साथ ही जनपद मुजफ्फरनगर में लगातार हो रही झमाझम बारिश के कारण सोमवार को पूरे दिन जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। मौसम में जारी बदलाव के बीच सोमवार सुबह से शुरू हुई भारी बारिश ने स्कूलों, दफ्तरों और न्यायालयों की कार्यप्रणाली पर खासा असर डाला। इस बीच सुरक्षा कारणों से जनपद में जलभराव और सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर बीएसए संदीप कुमार ने जिले के कक्षा एक से कक्षा 8वीं तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया। हालांकि यह आदेश सुबह करीब साढ़े नौ बजे जारी हुआ, जब तक अधिकांश स्कूलों में कक्षाएं आरंभ हो चुकी थीं। इस बीच छुट्टी की सूचना के बाद अभिभावकों को अचानक बच्चों को स्कूलों से लेने के लिए इस बीच बारिश में ही निकलना पड़ा। बारिश में भीगते हुए माता-पिता की भीड़ स्कूलों के बाहर दिखाई दी। दूसरी ओर स्कूल प्रबंधन और शिक्षक इस अचानक लिए निर्णय से असहज नजर आए। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि यह कदम बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है और सभी बोर्ड के विद्यालयों में इसका पालन कराया गया है। उधर, कलेक्ट्रेट, कोर्ट परिसर के साथ कचहरी में भी वर्षा का असर स्पष्ट रूप से देखने को मिला। सोमवार को दिन निकलने के साथ शुरू बारिश के चलते जिला बार और सिविल बार एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से एक प्रस्ताव जारी करते हुए न्यायालयों से बारिश को देखते हुए सोमवार के दिन किसी भी वादकारी के विरुद्ध प्रतिकूल आदेश पारित न किए जाने का अनुरोध किया। एसोसिएशन के इस प्रस्ताव में अत्यधिक बारिश और जलभराव के कारण मुकदमों के वादकारियों की उपस्थिति में आ रही परेशानी का हवाला दिया गया। ये प्रस्ताव जिला बार संघ के अध्यक्ष ठाकुर कंवरपाल सिंह, महासचिव चंद्रवीर सिंह निर्वाल, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार मित्तल और महासचिव राज सिंह रावत की ओर से सोमवार सुबह ही सभी न्यायालयों के लिए प्रेषित किया गया।




## एसीएम चार की कोर्ट के कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा

**मेरठ, 01 सितंबर (एजेंसी)।** एंटी करप्शन टीम में एसीएम चार की कोर्ट के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को पांच हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद आरोपित को सिविल लाइन थाने ले जाकर पूछताछ की जा रही है। पीड़ित संतरपाल ने बताया कि उसका जनवरी 2021 में एसडीएम की कोर्ट में पारिवारिक जमीन का कुर्रेबंदी का विवाद चल रहा है। इस मुकदमे को एसीएम चार के यहां अगस्त 2021 में ट्रांसफर कर दिया गया। इसी वाद की फाइल तहसील भेजने के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रणवीर पांच हजार की मांग कर रहा था। सोमवार को एंटी करप्शन की टीम 11 बजे एसीएम कोर्ट में संतरपाल के साथ पहुंची। पांच हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रणबीर को रंगे हाथों गिरफ्तार लेते हुए गिरफ्तार किया। संतरपाल ने आरोप लगाया कि एसीएम चार की कोर्ट में चल रहे विवाद में एक पेशकार ने उनसे 50 हजार रुपए मांगे थे। 26 अगस्त को फर्द पर चढ़ने का आदेश हुआ। उस आदेश को तहसील में पहुंचाने के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रणवीर ने पांच हजार रुपये मांगे। उधर, एंटी करप्शन की कार्रवाई के दौरान कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई। कुछ देर बाद कार्यालय बंद हो गया।

## केदारनाथ यात्रा में बड़ा हादसा, बोल्डर गिरने से दो श्रद्धालुओं की मौत

**देहरादून, 01 सितंबर (एजेंसी)।** केदारनाथ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं के साथ सोमवार को दर्दनाक हादसा पेश आया। सोनप्रयाग-मुनकटिया मार्ग पर अचानक पहाड़ी दरकने से एक वाहन पर बड़े-बड़े बोल्डर गिर पड़े। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं और अन्य सात यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने जानकारी दी कि यह वाहन उत्तरकाशी से आया था और सुबह सोनप्रयाग से गौरीकुंड के लिए निकला था, लेकिन रास्ते में मुनकटिया के पास पहाड़ी टूटने से उस पर विशालकाय बोल्डर गिर पड़े, जिससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। गंभीर रूप से घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि हल्की चोटें खाने वालों को प्राथमिक उपचार दिया गया है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और उनके परिजनों को सूचना दी जा रही है।

## अयोध्या में रेप के बाद हत्या के आरोपी का एनकाउंटर

**अयोध्या, 01 सितंबर (एजेंसी)।** अयोध्या में 19 साल की दलित लड़की से रेप और हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने एनकाउंटर में पकड़ लिया है। आरोपी राजीव यादव के पैर में गोली लगी है। पुलिस रविवार को उस जगह जांच करने पहुंची थी, जहां लड़की का शव मिला था। आरोपी पहले से वहीं बैठा था। शक होने पर पुलिस ने उससे पूछताछ की। इसी दौरान उसने दरोगा की पिस्टल छीनकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने उसके पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में राजीव ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला कि आरोपी का लड़की से प्रेम-प्रसंग चल रहा था, लेकिन हाल ही में उसे जानकारी मिली थी कि लड़की की शादी दिल्ली के एक युवक से तय हो गई है। इससे खफा होकर 30 अगस्त को उसने लड़की को मिलने के बहाने बुलाया और रेप करने के बाद उसकी सलवार से गला घोंटकर हत्या कर दी। कैंट थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाला दलित परिवार खेती और मजदूरी करके अपना पालन-पोषण करता है। परिवार में पिता, मां, तीन बेटे और 19 साल की बेटी थी। लड़की की मां की कई साल पहले मौत हो चुकी थी। शनिवार को पूरा परिवार खेत से काम कर-के लौटा। रात 10 बजे सभी खाना खाकर सो गए। सुबह परिवार के लोग जागे तो बेटी गायब थी। इसके बाद उन्होंने गांव में खोजबीन शुरू की, लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला। सुबह 10 बजे गांव के ही एक लड़के ने बताया कि खेत में लड़की का शव पड़ा है। लड़की के घरवाले दौड़ते हुए वहां पहुंचे। देखा तो धान के खेत में बेटी का अर्द्धनग्न शव पड़ा था। सिर खेत की मिट्टी में दबा था, जबकि गले में उसका सलवार लिपटा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। फोरेंसिक टीम ने सबूत जुटाए।

## जम्मू से दिल्ली लौट रहे थे अमित शाह, खराब मौसम की वजह से जयपुर एयरपोर्ट पर करनी पड़ी विमान की लैंडिंग

**नई दिल्ली, 01 सितम्बर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जम्मू से दिल्ली लौटते समय खराब मौसम के कारण अपनी उड़ान को जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड करना पड़ा। शाह सोमवार को जम्मू के दौरे पर थे। उन्होंने बिक्रम चौक के पास बाढ़ प्रभावित इलाके का जायजा लिया। इस दौरान गृह मंत्री ने बाढ़ से प्रभावित लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। इसके बाद उन्होंने जम्मू कश्मीर में बाढ़ राहत उपायों पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में कई आला अधिकारियों से बातचीत की गई। गृह मंत्री अमित शाह के साथ लेफ्टेन गवर्नर मनोज सिन्हा भी मौजूद थे। अमित शाह का विमान सोमवार शाम खराब मौसम के कारण जयपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड हुआ। शाह जम्मू-कश्मीर से दिल्ली लौट रहे थे, लेकिन दिल्ली में मौसम बिगड़ने के चलते उड़ान को डायवर्ट करना पड़ा। गृह मंत्री बीएसएफ के विशेष विमान से जयपुर पहुंचे, जहां एयरपोर्ट पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनका स्वागत किया। मौसम साफ न होने की स्थिति में अमित शाह का जयपुर में रात्रि विश्राम भी संभव है। अमित शाह ने जम्मू के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लिया और राहत कार्यों की समीक्षा की। उनके साथ जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद रहे।



## हिमाचल आपदा प्रभावित राज्य घोषित, शिमला में लैंडस्लाइड-चार की मौत, उत्तराखंड चार धाम यात्रा पांच सितंबर तक स्थगित

**शिमला, 01 सितबंर (एजेंसी)।** उत्तर भारत के हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से हालात खराब हैं। हिमाचल में रविवार से तेज बारिश हो रही है। शिमला के कोटखाई, जुब्बल और जुन्गा में देर रात लैंडस्लाइड से 4 लोगों की मौत हो गई। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में राज्य को आपदाग्रस्त प्रदेश घोषित किया है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन सहित 5 नेशनल हाईवे और करीब 800 सड़कें बंद पड़ी हैं। कुल्लू समेत 10 जिलों में सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ नेशनल हाईवे पर सोमवार को लैंडस्लाइड के बाद दो यात्रियों की मौत और छह लोग घायल हो गए। रेड और ऑरेंज अलर्ट के बाद चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा 5 सितंबर तक स्थगित कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लैंडस्लाइड के कारण 12 घर टूट गए। हरियाणा के 6 जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। सिरसा में एक नहर टूटने से 50 एकड़ में खड़ी फसल पानी में डूब गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अब तक 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान हुआ है। करीब 40 हजार किसान प्रभावित हुए हैं। सोमवार सुबह हथिनीकुंड बैराज से 29,313 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। दिल्ली सरकार ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। पंजाब के 9 जिलों फाजिल्का, फिरोजपुर, कपूरथला, पठानकोट, तरनतारन, होशियारपुर, मोगा, गुरदासपुर और बरनाला में बाढ़ के हालात हैं। अब तक 1312 गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। भाखड़ा डैम में फ्लड गेट 4-4 फीट तक खोल दिए हैं।

## बार में फिर बवाल, फायरिंग में दो घायल, सी.सी.टी.वी. कैमरे में कैद हुई घटना

**मुरादाबाद, 01 सितंबर (एजेंसी)।** 17 अगस्त को भाजपा एमएलसी गोपाल अंजान के बेटे व साथियों द्वारा स्पाइस बार एंड रेस्टोरेंट में बिल भुगतान को लेकर किये गए बवाल का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि रविवार की रात फिर बखेड़ा खड़ा हो गया। बिल भुगतान को लेकर ही शुरू हुए विवाद के बाद तोड़फोड़ शुरू हो गई और जान से मारने के इरादे से गोली चला दी गई जो एक के पैर में जा लगी, जबकि दूसरा मारपीट में घायल हो गया। विश्व हिंदू महासभा के मंडल प्रभारी प्रदीप शर्मा को बुरी तरह पीटकर उनकी लाइसेंसी पिस्टल भी छीन ली गई। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। देर रात तक मामले में शिकायती पत्र नहीं दिया गया था। घटनाक्रम की सीसीटीवी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित है।

दिल्ली रोड स्थित सम्राट अशोक नगर द्वार के सामने स्पाइस बार एंड रेस्टोरेंट है, जिसका संचालन नया मुरादाबाद निवासी मनोज यादव करते हैं। पुलिस के अनुसार, मंडी चौक निवासी डेयरी संचालक एवं धान मिल के मैनेजर सूरज राणा रविवार रात साथी बिलाल, सुधीर राणा समेत चार दोस्तों को लेकर बार में शराब पार्टी करने पहुंचे। शराब पीने के बाद खाना खाया, जिसका बिल 11 हजार 200 रुपये बना। बार स्टाफ ने सूरज को बिल दिया। आरोप है कि अधिक बिल बताकर सूरज ने हंगामा शुरू कर दिया। बार में ही हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिला प्रभारी अंकित शर्मा दोस्तों के साथ जन्मदिन पार्टी मना रहे थे। उनके साथ बुद्धि विहार निवासी विश्व हिंदू महासभा के मंडल प्रभारी प्रदीप शर्मा व अन्य लोग थे। बीच बचाव को लेकर सूरज राणा पक्ष प्रदीप शर्मा पक्ष से भिड़ गया और विवाद बढ़ गया। अचानक एक ने फायर झोंक दिया जो सूरज के पैर में जा लगी। हालांकि, सूरज ने गोली गार्ड द्वारा मारे जाने का आरोप लगाया है। मारपीट में प्रदीप भी घायल हो गए। गोलीकांड की जानकारी पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह फोर्स संग पहुंचे। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। बार के सीसीटीवी खंगाले गए, जिसमें पूरा घटनाक्रम कैद है। बता दें कि भाजपा एमएलसी प्रकरण में बाद में समझौता हो गया था।

## नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी को किया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़, 01 सितंबर (वार्ता)** राजस्थान में प्रतापगढ़ पुलिस ने सात वर्ष पुराने अपहरण और दुष्कर्म के मामले में 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करके नाबालिग को सुरक्षित उसके चंगुल से छुड़ा लिया है। पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने सोमवार को बताया कि धमोहर थाना क्षेत्र में घनश्याम मीणा (48) दिसम्बर 2018 में एक नाबालिग लड़की को अम्बामाता मेले से बहला फुसलाकर ले गया था। पुलिस तभी से उसकी तलाश कर रही थी। उसकी तलाश में इश्तिहार भी छपवाये और प्रतापगढ़, छोटीसादड़ी, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, हिम्मतनगर, अहमदाबाद, राजकोट (गुजरात), निम्बाहेड़ा, राजसमंद, मंदसौर, जावरा और रतलाम जैसे कई शहरों में गहन तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद गुप्त सूचना पर पुलिस ने साइबर शाखा की विशेष मदद से घनश्याम मीणा को ढोढर, जिला रतलाम से दबोच लिया।

## दुकान से बल्ब चुराने पर थूक चटवाया, भीड़ ने पहले लात-घूसों से पीटा

**सिद्धार्थनगर, 01 सितंबर (एजेंसी)।** सिद्धार्थनगर में बल्ब चोरी करने पर युवक से थूक चटवाया गया। आरोपी को ऑटो पार्ट्स दुकानदार ने दुकान से एलईडी बल्ब चुराते रंगे हाथों पकड़ा था। इसके बाद आसपास के दुकानदार और आसपास के करीब 20 लोगों ने मिलकर उसे जमकर पीटा। आरोपी बार-बार हाथ जोड़कर चोरी की गलती को मान कर माफी मांगता रहा, लेकिन भीड़ में उसकी किसी ने नहीं सुनी। वहीं हद तो तब हो गई, जब दुकानदार ने उससे कहा-जमीन पर थूको फिर उसे अपनी जीभ से चाटो। घटना रविवार रात ढेबरुआ थाना क्षेत्र के तुलसियापुर चौराहे की है। घटना से जुड़ा 1 मिनट 7 सेकेंड का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में दुकानदार और करीब 20 लोग युवक को पीटते हुए और थूककर चटवाते दिख रहे हैं। वीडियो में युवक हाथ जोड़कर मांफी मांगते दिख रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ढेबरुआ थाना क्षेत्र के तुलसियापुर गांव में आशीष पांडेय अपने घर के पास ही ऑटो स्पेयर पार्ट्स और बाइक रिपेयरिंग की दुकान चलाते हैं। आशीष ने बताया कि शनिवार को शाम करीब 4 बजे दुकान पर एक युवक बाइक में इंडिकेटर लगवाने के लिए आया था। मैं इंडिकेटर लेने के लिए दुकान के अंदर चला गया। युवक ने पानी मांगा तो मैंने दुकान में आकर थरमस जार से पानी लेकर पी लेने को कहा। युवक अंदर आया और जार के पास रखे एलईडी के पैकेट में से 5 में से एक-दो एलईडी चुरा लिये। दूसरा एलईडी चोरी करते समय बल्ब जमीन पर गिर गया। आवाज सुनकर मैं पलटा, तो युवक वहीं पर खड़ा हुआ था। मैंने आकर चेक किया तो पैकेट में 5 के बजाय सिर्फ 3 ही एलईडी थे। मैंने उससे पूछताछ की तो पहले उसने इनकार कर दिया। युवक की तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से एक एलईडी बल्ब बरामद हुआ।

## नौकरी में रहने के लिए टीचरों को टीइटी क्वालिफाई होना जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 01 सितंबर (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने आज यानी 1 सितंबर को निर्देश दिया है कि अब टीचिंग सर्विस से जुड़े सभी शिक्षकों को अपनी सर्विस में बने रहने या प्रमोशन पाने के लिए टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी टीइटी पास करना जरूरी होगा। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा- जिन टीचर्स की नौकरी को 5 साल से ज्यादा बचे हैं, उन्हें टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट टीइटी क्वालिफाई करना जरूरी होगा। अगर ऐसा नहीं किया तो उन्हें इस्तीफा देना होगा या फिर कंपल्सरी रिटायरमेंट लेना होगा। हालांकि बेंच ने ऐसे टीचर्स को इससे राहत दी है, जिनकी सर्विस में 5 साल ही बचे हैं। कोर्ट ने कहा कि ये निर्देश माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशंस पर लागू होगा या नहीं, इसका फैसला बड़ी बेंच करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु और महाराष्ट्र में टीचिंग के लिए टीइटी की अनिवार्यता से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये फैसला सुनाया है। आपको बता दें कि टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी टीइटी एक राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षा है, जो यह तय करती है कि कोई अभ्यर्थी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कक्षाओं (कक्षा 1 से 8 तक) में टीचर बनने के योग्य है या नहीं। यह परीक्षा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा 2010 में अनिवार्य की गई थी। आरटीई एक्ट, 2009 की धारा 23(1) के अनुसार, शिक्षकों के लिए न्यूनतम योग्यता एनसीटीई द्वारा निर्धारित की जाएगी। एनसीटीइ ने 23 अगस्त 2010 को एक नोटिफिकेशन जारी किया था, जिसमें कक्षा 1 से 8 तक शिक्षक बनने के लिए टीइटी पास करना अनिवार्य किया गया था।

## मोदी ने मान से ली पंजाब में बारिश और बाढ़ से उत्पन्न स्थिति की जानकारी

**नयी दिल्ली 01 सितंबर (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से बात कर राज्य में बारिश और बाढ़ के उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली तथा उन्हें केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। श्री मोदी ने जापान और चीन का दौरा समाप्त कर दिल्ली पहुंचते ही श्री मान से फोन पर बात की और पंजाब में बारिश तथा बाढ़ से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने राज्य को हर संभव मदद और समर्थन का आश्वासन दिया।



## मथुरा-वृंदावन में मांस-मदिरा की दुकान बंद हों', धीरेंद्र शास्त्री ने कर डाली बड़ी मांग

मथुरा, 01 सितंबर (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश और कथा वाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एक बड़ा ऐलान किया है। मिली जानकारी के अनुसार, धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, जिन्हें दुनिया बागेश्वर धाम सरकार या महाराज के नाम से भी जानती है, उन्होंने कहा है कि वे हिंदू एकता के लिए 170 किमी. की पदयात्रा करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि ब्रज (मथुरा, वृंदावन समेत भगवान कृष्ण की लीला स्थली) में मांस-मदिरा की दुकानें बंद हों, यमुना नदी शुद्ध हो। बता दें कि कथा वाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। उनकी कथा सुनने लाखों की संख्या में लोग आते हैं। वे देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी कथा कहते हैं और लोगों को सनातन धर्म और संस्कृति के प्रति जागृत करते हैं। इस बीच अब उन्होंने हिंदू एकता के लिए 170 किमी. की पदयात्रा का ऐलान किया है। मिली जानकारी के मुताबिक, यूपी के वृंदावन के कृष्ण कृपा धाम में सोमवार को बैठक हुई है। इसमें इस 170 किलो मीटर की यात्रा पर चर्चा की गई। इस खास मौके पर पं. धीरेंद्र शास्त्री के अलावा कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज, इखढ सांसद मनोज तिवारी समेत 200 से ज्यादा साधु-संत पहुंचे हैं। इस मौके पर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि ब्रज में मांस-मदिरा की दुकानें बंद हों, यमुना नदी शुद्ध हो। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हिंदू एकता के लिए 170 किमी. की पदयात्रा निकालेंगे।



## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**मुजफ्फरनगर, 01 सितंबर (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के बघरा में सोमवार देर रात एक सड़क हादसा घटित हो गया। जिसमें 22 वर्षीय बाइक सवार आदित्य पाल पुत्र पप्पू पाल निवासी छतैला की मौत हो गयी। घायल को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में भिजवा दिया है।



## करंट लगने से युवक की मौत, एक्सीडेंट की घटना में 1 घायल

**मुजफ्फरनगर, 01 सितंबर (बु)।** पहला मामला तितावी पुलिस स्टेशन के अतर्गत आने वाले गांव गढ़ीदेशराज में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विजेंद्र पुत्र अतर सिंह को घर में बिजली के तार से करंट लग गया। उसको आनन फानन में परिवार के लोग जिला अस्पताल ले गये जहां उसने दम तोड़ दिया। तितावी पुलिस स्टेशन के एसओ ने जानकारी देते हुए बताया कि मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा। वहीं दूसरी तरफ दो अलग-अलग एक्सीडेंट के मामलों में दो लोग घायल हो गये हैं। बता दें कि पहला मामला श्रीराम स्वीटस भोकरेहडी के पास का है इसमें पुजा पत्नि बिस्टू घायल हो गई। जिसको इलाज के लिये जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं दूसरा मामला सिविल लाइन पुलिस स्टेशन के अतर्गत आने वाले क्षेत्र महमूद नगर की एक महिला को जिला अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि महिला ने कुछ अज्ञात कारणों से जहर खा लिया। फिलहाल खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं किया गया था।

## बाराबंकी में एलएलबी छात्रों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, घायल बोले- रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में 4 साल से एग्जाम नहीं

**बाराबंकी, 01 सितंबर (एजेंसी)।** बाराबंकी में पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे एलएलबी छात्रों को दौड़ा-दौड़ाकर लाठियों से पीटा। घटना में 12 छात्र बुरी तरह से घायल हो गए। छात्रों का आरोप है कि रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी 4 साल से एग्जाम नहीं करवा रही। 2021 में मान्यता खत्म हो गई थी। इसके बाद भी एडमिशन लिए जा रहे हैं। सोमवार दोपहर करीब 300 छात्र यूनिवर्सिटी के बाहर पहुंचे। छात्रों के समर्थन में एबीवीपी कार्यकर्ता भी थे। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने प्रदर्शन करने पर पुलिस बुला ली। पुलिस के साथ कुछ लोग परिसर में घुस गए। उन्होंने छात्रों से हाथापाई शुरू कर दी। इस पर पुलिस ने छात्रों पर लाठी चार्ज कर दिया। पुलिस ने एबीवीपी कार्यकताओं को भी लाठियों से जमकर पीटा। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल छात्र विनय ने बताया- हम लोगों के विरोध पर यूनिवर्सिटी से जुड़े लोग घर वालों को मैसेज करते हैं कि कॅरियर खराब कर देंगे। यहां के कुछ गुंडे मारने की भी धमकी देते हैं। सोमवार शाम में कुछ लोग आए और हमसे हाथापाई शुरू कर दी। सीओ हर्षित चौहान की मौजूदगी में पुलिस ने हम पर ही लाठी चार्ज किया गया। पुलिस का कहना है कि छात्रों ने यूनिवर्सिटी के बाहर बने पुलिस चौकी में तोड़ फोड़ की। दरवाजे और खिड़की के शीशे तोड़ दिया। छात्र समझाने पर भी नहीं मान रहे थे। मामला बिगड़ता देख एडिशनल एसपी मौके पर पहुंचे। छात्रों ने पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाए। इसके बाद एसपी ने छात्रों से बात की। छात्रों ने शिकायत कर बताया कि हमें बिना गलती पर पीटा गया। इतने छात्रों के अभिभावक भी मौके पर पहुंचे। एसपी से बोले-बच्चों को इस तरह से कौन मारता है। एसपी ने जांच करने को कहा है।



## एससीओ में आतंकवाद के खिलाफ भारत की बड़ी जीत, पाकिस्तानी पीएम की मौजूदगी में पहलगाम हमले की निंदा

**शंघाई, 01 सितंबर (एजेंसी)।** चीन में एससीओ समिट के दूसरे दिन भारत को बड़ी सफलता मिली है। घोषणा-पत्र में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की गई है। इस दौरान पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। घोषणा पत्र में कहा गया कि इस हमले के अपराधियों, आयोजकों और उन्हें समर्थन देने वालों को सजा दिलाना जरूरी है। इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गौरतलब है कि इससे पहले जून में हुई रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान एससीओ के घोषणा-पत्र में पहलगाम हमले का जिक्र भी नहीं था। इसे लेकर भारत ने नाराजगी जताई थी। साथ ही इस पर साइन करने से इनकार कर दिया था। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन दौरे के आखिरी दिन एससीओ की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद को दुनिया के लिए खतरा बताया। उन्होंने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए इसे आतंकवाद का सबसे बुरा रूप बताया। मोदी ने कहा कि भारत आतंकवाद को पिछले चार दशकों से झेल रहा है। पीएम ने सवाल उठाया कि कुछ देशों का आतंकवाद को खुला समर्थन कैसे स्वीकार किया जा रहा है। पुतिन से मुलाकात के दौरान मोदी ने कहा कि भारत और रूस लगातार यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने हालिया शांति प्रयासों का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि सभी पक्ष रचनात्मक तरीके से आगे बढ़ेंगे। मोदी ने कहा कि संघर्ष को जल्द खत्म कर स्थायी शांति का रास्ता निकालना जरूरी है, यह पूरी मानवता की मांग है।

## दिल्ली में मंडरा बाढ़ का खतरा, यमुना खतरे के निशान के पास

**नयी दिल्ली 01 सितंबर (वार्ता)** दिल्ली में लगातार हो रही बारिश और हरियाणा के यमुनानगर जिले में स्थित हथिनी कुंड बैराज से बड़े पैमाने पर पानी छोड़े जाने के कारण राजधानी में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

यमुना का जलस्तर सोमवार को सुबह सात बजे 205.02 मीटर पर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 205.33 मीटर से कुछ ही कम है। यमुना नदी पर बने पुराने लोहे के पुल के पास पानी का बहाव सामान्य से काफी ज्यादा है, जिसके कारण कई निचले इलाकों बाढ़ की आशंका बढ़ गई है। अधिकारियों के मुताबिक यमुना में पानी बढ़ने की सबसे बड़ी वजह हथिनी कुंड बैराज से लगातार पानी का छोड़ा जाना है। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बैराज से हर घंटे हजारों क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार, सुबह सात बजे हथिनी कुंड बैराज से लगभग 272645 क्यूसेक पानी, वजीराबाद बैराज से 40040 क्यूसेक पानी और ओखला बैराज से 52081 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है. जिससे दिल्ली का जलस्तर प्रभावित हो रहा है।

## ब्रांडेड कम्पनियों की नकली दवाइयां बनाने वाली चार कम्पनियों के मालिक और संयंत्र प्रमुख गिरफ्तार

**देहरादून, 01, सितम्बर (वार्ता)** उत्तराखंड पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने जीवन रक्षक दवाइयां बनाने वाली ब्रांडेड कंपनियों के उत्पादों की हूबहू नकल करके बाजार में बेचने के आरोप में चार कंपनी मालिक और संयंत्र प्रमुखों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले एसटीएफ इस संबंध में कुल छह लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस प्रकार अब तक कुल दस लोग पकड़ लिए गए हैं।

एसटीएफ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नवनीत सिंह भुल्लर ने सोमवार को बताया कि जीवन रक्षक ब्रांडेड दवाइयों के नकली उत्पादनों की बाजार में बिक्री की शिकायत मिलने पर उस गिरोह की पहचान कर, कार्रवाई करना एक चुनौतीपूर्ण था। इसका आम जनमानस के स्वास्थ्य में व्यापक दुष्प्रभाव और राजस्व की भी बड़े स्तर पर हानि होती है। उन्होंने बताया कि इसकी रोकथाम व धरपकड के लिए पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने एसटीएफ को कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उक्त मामले में एसटीएफ ने इसी वर्ष 01 जून को प्रतिष्ठित दवाई कम्पनियों के नकली रैपर तथा नकली आउटर बॉक्स, लेबल तथा क्यूआर कोड भारी मात्रा के साथ संतोष कुमार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद, इस अभियोग में कुल 06 अभियुक्त संतोष कुमार, नवीन बंसल, आदित्य काला, देवी दयाल गुप्ता, पंकज शर्मा व विजय कुमार पाण्डेय को गिरफ्तार किया जा चुका है।

श्री भुल्लर ने बताया कि इस अभियोग में अभियुक्त गणों द्वारा केरन लाइफ साइंस प्रा लि, देहरादून, बीएलबीके फार्मास्युटिकल, देहरादून, ऑक्सी फार्मा प्रा लि, देहरादून और जेनेटिक फार्मास्युटिकल्स प्रा लि, देहरादून द्वारा नियमों को ताक पर रखकर केवल अभियुक्त नवीन बंसल के मौखिक ऑर्डर पर बिना ड्रग लाइसेंस वाली फर्म बीचैम बायोटेक नाम से भारी मात्रा में दवा की लगभग 18 लाख टेबलेट्स बिना स्ट्रिप्स में पैक किए उक्त नवीन बंसल उर्फ अक्षय की फर्जी फर्म को बेची गई। उन्होंने बताया कि इन कंपनियों द्वारा दवा ट्रांसपोर्ट करने में मदद करने और अपनी बिक्री को सही साबित करने के लिए दवा बिल में अधिकतम दर शून्य (00.00) अंकित की गयी जो सरकारी हॉस्पिटल में सप्लाई के लिए की जाती है। अभियुक्त नवीन बंसल उर्फ अक्षय के पास किसी तरह का सरकारी या हॉस्पिटल के लिए मेडिसिन सप्लाई का कोई कान्ट्रैक्ट एग्रीमेंट या अनुमति नहीं थी। एसटीएफ एसपी के अनुसार, इस प्रकार अभियुक्त नवीन बंसल उर्फ अक्षय ने बिना स्ट्रिप्स पैक की दवाईयो को कंपनी की मदद से भिवाड़ी (राजस्थान) में प्राप्त कर आसानी से ब्रांडेड मेडिसिन कंपनी के नाम की स्ट्रिप्स में पैक कर सह अभियुक्तगण की मदद से बाजार में बेच दिया गया। इस प्रकार इन दवाओं को भिवाड़ी से उक्त फर्जी फर्म से वर्ष 2023-24 और 2024-2025 में कई बार उपरोक्त दवा कम्पनियों से अवैध रूप से दवाईयां खरीदी। उन्होंने बताया कि इस फर्जी फर्म को दवा सप्लाई करने के लिए जानबूझ कर किए गए गंभीर आरोपों के दृष्टिगत रविवार को 04 कम्पनी हेड प्रदीप गौड पुत्र भगवती प्रसाद, निवासी केवी थापा मार्ग, निकट ग्रीन वैली स्कूल, सेलाकुई, देहरादून, शैलेन्द्र सिंह पुत्र खुशीराम सिंह, निवासी 407/24, उत्तमनगर, टी०पी० नगर, मेरठ, उत्तर प्रदेश, शिशिर सिंह पुत्र स्व० शिव शंकर सिंह निवासी बी 603 एडब्ल्यूएचओ, निकट तुला इंस्टीट्यूट, थाना प्रेमनगर देहरादून और तेजेन्द्र कौर पत्नी जसमीत सिंह, निवासी एचआईजी 3 ए इंदिरापुरम, जीएमएस रोड, देहरादून को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में आगे भी गहनता से अन्य जानकारी की जा रही है।

## बारिश के कारण दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन की सेवा रुक-रुककर चली

**नई दिल्ली , 01 सितबंर (वार्ता)** दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन की सेवा भारी बारिश के कारण बाधित रही और सोमवार शाम को ट्रेनें रूक रूक कर और देरी से चलीं। इसकी जानकारी दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने एक्स पर एक पोस्ट में दी।

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक मेट्रो सेवा बाराखंबा मेट्रो स्टेशन से इन्द्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन के बीच देरी से चल रही थी। जिससे नोएडा और वैशाली जाने वाले यात्रियों को परेशानी हुई। हालांकि थोड़ी देर बाद एक अन्य पोस्ट में सेवाओं के समान्य होने की भी जानकारी डीएमआरसी ने दी। डीएमआरसी के मुताबिक अन्य सभी लाइनों पर सेवा सुचारू रूप से जारी है। डीएमआरसी ने इससे पहले सोमवार को दिन में एक्स पर एक पोस्ट में गुरुग्राम से समयपुर बादली के बीच येलो लाइन पर मिलेनियम सिटी सेंटर के टर्मिनल स्टेशन पर सिग्नलिंग समस्या के कारण ट्रेनों की सेवाओं संचालन में विलंबित होने की जानकारी दी थी। हालांकि दिन में समस्या के ठीक होने के बाद ट्रेन सेवाओं का संचालन सामान्य हो गया।

## पुंछ में एलओसी पर भारी गोलीबारी, सेना ने नाकाम की घुसपैठ की कोशिश

**पुंछ, 01 सितंबर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना ने नियंत्रण रेखा के पास एक बार फिर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया है। रविवार को सेना ने बालाकोट सेक्टर में कुछ संदिग्धों की हलचल देखी, जिसके बाद तुरंत फायरिंग शुरू कर दी गई। सेना और घुसपैठियों के बीच हुई इस मुठभेड़ में दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हुई। घुसपैठियों के खिलाफ ऑपरेशन अभी भी जारी है। आज सुबह करीब 05:30 बजे, व्हाइट नाइट कोर के जवानों ने बालाकोट इलाके में नियंत्रण रेखा के पास कुछ संदिग्ध हलचल देखी। तुरंत अलर्ट हुए जवानों ने गोलीबारी कर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। घुसपैठियों के भागने के बाद, सेना ने पूरे इलाके पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए अपने जवानों को फिर से तैनात किया है और इलाके की निगरानी बढ़ा दी है। सेना हाई अलर्ट पर है और इलाके में कड़ी नजर बनाए हुए है। वहीं दूसरी तरफ आतंकवादी नेटवर्क को एक बड़ा झटका देते हुए, सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में बागू खान को मार गिराया। बागू खान को 'मानव जीपीएस' के नाम से जाना जाता था और वह कम से कम 100 घुसपैठ की कोशिशों के लिए जिम्मेदार था, जिनमें से अधिकतर सफल रही थीं। बागू खान, जिसे 'समंदर चाचा' भी कहते थे, 1995 से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में सक्रिय था और कश्मीर घाटी में घुसपैठ का सबसे बड़ा जरिया माना जाता था। उसे गुप्त रास्तों और इलाके की कठिन भौगोलिक स्थिति की पूरी जानकारी थी, जिस वजह से वह पिछले तीन दशकों से आतंकवादियों की घुसपैठ में मदद कर रहा था। शनिवार को नौशेरा नार इलाके से घुसपैठ की कोशिश के दौरान बागू खान और उसके एक साथी आतंकवादी को मार गिराया गया।



## सीएम धामी सरकार ने सेवानिवृत्त अग्निवीरों को वदीर्धारी पदों पर 10% क्षैतिज आरक्षण दिया

**देहरादून, 01 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि देश की सेवा कर लौटे पूर्व अग्निवीर राज्य का गौरव हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, सीएम धामी ने कहा, "उन्हें सम्मान और रोजगार के अवसर प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। यह निर्णय सेवानिवृत्त अग्निवीरों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक ठोस कदम है। हमारी सरकार हर तरह से पूर्व सैनिकों और अग्निवीरों को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है।" इसी क्रम में, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक और वादा पूरा करते हुए विभिन्न विभागों की वदीर्धारी सेवाओं में सेवानिवृत्त अग्निवीरों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया है। इस संबंध में, सोमवार को कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने उत्तराखंड राज्य के अधीन सेवाओं में समूह ग की सीधी भर्ती के वदीर्धारी पदों पर रोजगार हेतु सेवानिवृत्त अग्निवीरों को क्षैतिज आरक्षण नियमावली-2025 विधिवत जारी कर दी है। बयान के अनुसार, सैन्य बाहुल्य राज्य होने के नाते, उत्तराखंड सरकार के इस फैसले को मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। इस नियम के माध्यम से अब सेवानिवृत्त अग्निवीरों को विभिन्न विभागों के वदीर्धारी पदों पर 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया जाएगा। इसमें पुलिस कांस्टेबल (सिविलियन/पीएसी), उपनिरीक्षक, प्लाटून कमांडर पीएसी, फायरमैन, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी, बंदी रक्षक, उप कारापाल, वन रक्षक, वन निरीक्षक, आबकारी कांस्टेबल, प्रवर्तन कांस्टेबल और सचिवालय रक्षक जैसे महत्वपूर्ण वदीर्धारी पद शामिल हैं। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन यात्रा और राष्ट्रपति शी जिनपिंग व व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की सराहना करते हुए, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे "नए भारत की बढ़ती ताकत और प्रभाव का प्रतीक" करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की "शक्तिशाली" आवाज सीमाओं और वैश्विक समुदाय से परे गूंज रही है। सीएम धामी ने 'एक्स' पर लिखा, "एससीओ शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग जैसे वैश्विक नेताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को मिल रहा सम्मान नए भारत की बढ़ती ताकत और प्रभाव का प्रतीक है। प्रधानमंत्री जी की लोकप्रियता आज वैश्विक समुदाय में भारत की शक्तिशाली आवाज के रूप में सीमाओं से परे गूंज रही है।"



## 'जनता दर्शन' में आई नन्हीं मायरा, समस्या सुनते ही सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**कानपुर, 01 सितंबर (एजेंसी)।** कानपुर की मायरा सोमवार को अपनी मां नेहा के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री से बच्चे के एडमिशन की गुहार लगाई। मासूम मायरा को देख मुस्कुराते हुए सीएम ने पहले हालचाल जाना, फिर पूछा कि क्या बनना चाहती हो। इस पर मायरा ने जवाब दिया- डॉक्टर। यह सुन सीएम ने पहले उसे चॉकलेट दी, फिर अधिकारियों को एडमिशन कराने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि मुरादाबाद की वाची ने एडमिशन और गोरखपुर की पंखुड़ी ने फीस माफी को लेकर मुख्यमंत्री से गुहार लगाई थी, जिसके तत्काल बाद दोनों की समस्याओं का हल हो गया। अब दोनों बच्चियां अपने शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। 'जनता दर्शन' में आते ही सीएम ने मायरा की मां से पूछा कि कहां से आए हैं, कहां एडमिशन कराना है, जिसका उन्होंने उत्तर दिया। इसके बाद मायरा से मुखातिब सीएम ने पूछा कि स्कूल जाओगी, किस क्लास में पढ़ोगी। क्या बनेगी- जिस पर उसने तपाक से जवाब दिया-डॉक्टर। बच्ची की मासूमियत पर सीएम मुस्कुरा उठे। सीएम ने अफसरों को एडमिशन के लिए निर्देश दिया। कानपुर की नेहा सोमवार को बेटी मायरा को लेकर 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने बताया कि वह बच्ची के एडमिशन के लिए 'जनता दर्शन' में पहुंचीं थीं। उन्होंने कानपुर के एक विद्यालय में एडमिशन का अनुरोध किया। मायरा का परिवार मुख्यमंत्री की सहृदयता का कायल हो गया। मीडिया से बातचीत में मायरा की मां ने कहा कि सीएम ने काफी अच्छे तरीके से हमारे परिवार की बात भी सुनीं और एडमिशन का आश्वासन भी दिया।

